हरिभूमि
रायपुर भूमि




# शव रखने जगह नहीं, मुक्तिधाम में 2 फीट पानी, अंतिम संस्कार करना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राजधानी के पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड स्थित सोनडोंगरी के इकलौते मुक्तिधाम की हालत खराब है। वहां 2 फीट पानी भरा है। न शव रखने के लिए साफ सुथरी जगह है, न ही उसे नहलाने के लिए सुरक्षित स्थान। बारिश में भीगते हुए लोगों को अपने प्रियजन का अंतिम संस्कार करने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। हालत ये है, तेज ▶▶|शेष पेज 13 पर

### पुराना शेड जर्जर

सोनडोंगरी के मुक्तिधाम में सालों पुराना शेड पूरी तरह जर्जर हो गया है। हवा चलते ही वह उड़ने लगता है। ऐसे में लोग बाहर शव रखकर ही अंतिम संस्कार किसी तरह कर रहे हैं। निगम ने इस मुक्तिधाम में चौकीदार की व्यवस्था ही नहीं की है। सार्वजनिक प्रसाधन का इंतजाम भी नहीं है। इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



### मुक्तिधाम का हाल

■ वार्ड पार्षद भगतसिंह हरवंश ने जोन में भेजा प्रस्ताव, ध्यान नहीं दे रहा निगम



> शव को रखकर नहलाने के लिए सुरक्षित जगह नहीं

### तत्काल संज्ञान में लेंगे

सोनडोंगरी के मुक्तिधाम में अव्यस्था की शिकायत मिली है। इसे संज्ञान में लेकर जल्द ही ठीक कराएंगे। शेड की व्यवस्था, पेयजल सहित आवश्यक सुविधा दिलाने संबंधित जोन को निर्देशित करेंगे।

- **मीनल चौबे,** महापौर नगर निगम रायपुर

### जोन अध्यक्ष ने ये कहा

सोनडोंगरी के मुक्तिधाम में अव्यवस्था से लोग परेशान हैं। सोमवार को ही वार्ड पार्षद के साथ वे मुक्तिधाम का निरीक्षण करेंगे। अंतिम संस्कार के लिए पहुंचने वाले परिजनों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक सुधार कराया जाएगा।

- **प्रीतम सिंह,** अध्यक्ष जोन क्रमांक 8 नगर निगम रायपुर

## खबर संक्षेप



### आज 12.57 पर सूतक इसलिए पहले कर लें गणपति विसर्जन

**रायपुर।** रविवार को लगने वाले खग्रास चंद्रग्रहण को देखते हुए गणपति मूर्ति स्थापना करने वाले श्रद्धालुओं, गणेश उत्सव समितियों से रविवार को दोपहर 12 बजे तक गण्यापति प्रतिमा विसर्जन करने कहा गया है। दोपहर 12 बजकर 57 मिनटर सूतक लगने के साथ ही मूर्ति स्पर्श करना धर्मपुराण में निषेध माना गया है। इसीलिए सूतक लगने के बाद ग्रहणकाल में प्रतिमा विसर्जन नहीं किया जाना चाहिए। महामाया मंदिर के पुजारी पंडित मनोज शुक्ला ने कहा है इस वर्ष भाद्र पक्ष शुक्ल पूर्णिमा को है। सनातनी धर्म प्रेमियों से आग्रह कि धर्मपुराण के अनुसार सूतक के बाद मूर्ति को रखना शास्त्रगत दृष्टिकोण से ▶▶|शेष पेज 13 पर

सीजीएमएससी पिछले दो माह से होल्ड कर रही सरकारी दवाओं और उपकरणों का उपयोग

# दर्जनभर घटिया दवाओं के उपयोग पर रोक नोटिस केवल दो ही कंपनियों को दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

घटिया अथवा अमानक होने के संदेह पर पिछले दो माह में दर्जनभर दवाओं पर रोक लगाने वाली सीजीएमएससी अब तक केवल दो कंपनियों को नोटिस जारी कर पाया है। शुक्रवार को कृमिनाशक दवा की सप्लायर के पहले झटका रोकने उपयोग होने वाली दवा की आपूर्ति करने वाली कंपनी को नोटिस दिया गया था। सर्वाधिक खपत वाले पैरासिटामोल की सप्लाई करने वाली कंपनी के साथ अन्य दवा और उपकरण देने वाली कंपनी पर मेहरबानी दिखाई जा रही है।

दवाओं के असरहीन अथवा मानक के अनुरूप नहीं होने के संदेह पर सीजीएमएससी उनका उपयोग रोकने के लिए पिछले दो महीने से लगातार सर्कुलर जारी रहा है। इन दवाओं की गुणवत्ता के जांच के दावे ▶▶|शेष पेज 13 पर

### अपना जांच सिस्टम फिर भी फेल

दवा कार्पोरेशन के पास दवा कंपनियों से सप्लाई लेने के दौरान जांच का अपना सिस्टम है, मगर यह कारगर नहीं हो रहा है। दवा गोदाम से सरकारी अस्पतालों में भेजने के पहले इन दवाओं की अनुबंधित लैब में जांच होती है। इनकी ओके रिपोर्ट मिलने पर जब दवा स्वास्थ केंद्रों तक पहुंचती है, तो उपयोग के दौरान उसमे विभिन्न तरह की शिकायत क्यों आने लगती है? इस पर भी जांच की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

### कृमिनाशक और झटका रोकने वाली दवा पर नोटिस, सर्वाधिक खपत वाले पैरासिटामोल पर छूट



कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल जांच में फेल, सप्लायर कंपनी एफ़ी पैरेंटेरल्स को ब्लैकलिस्टेड करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल लैब की जांच में फेल हो गई है। अस्पतालों में सप्लाई के पहले सीजीएमएससी द्वारा उसकी जांच कराई गई थी। इसके बाद सप्लायर कंपनी मेसर्स एफी पैरेंटेरल्स को ब्लैकलिस्ट करने की तैयारी है। कंपनी को इस संबंध में कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। दवा निगम द्वारा 18 दिन पहले रायपुर और बलौदाबाजार जिले में सर्कुलर जारी कर दवा के उपयोग पर रोक लगाई गई थी।

■ अस्पतालों में भेजने से पहले दवा निगम ने कराई जांच, 18 दिन पहले कराया गया था होल्ड

इस कृमिनाशक दवा का उपयोग सरकारी अस्पतालों के साथ छोटे बच्चों को कृमिमुक्त रखने चलाए जाने वाले अभियान के लिए भी उपयोग किया जाता है। सीजीएमएसी को इस दवा की सप्लाई मेसर्स एफ़ी पैरेंटेरल्स द्वारा की गई थी। दावा किया जा रहा है कि गोदामों में रखी अल्बेंडाजोल टेबलेट्स आईपी 400 एमजी (ड्रग कोड – डी12) के बैचेस पीजीटी 25451, पीजीटी 25450, पीजीटी 25480, पीजीटी 25229 को अस्पतालों में भेजने से पहले राज्य औषधि परीक्षण एवं अनुसंधान प्रयोगशाला में टेस्ट कराया गया। जांच में यह बैचेस फेल पाए गए, अतः क्वालिटी के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट किये जाने शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। साथ ही फर्म को दवा गोदामों से ही टेस्ट में फेल बैचेस की सम्पूर्ण दवा को वापस लेने का निर्देश दिया गया है। आम लोगों को क्वालिटी दवाएं ही उपलब्ध हों, इसको सुनिश्चित करने के लिए पूर्व में वितरित बैच से भी एक बार पुनः रैंडम सैंपलिंग कर परीक्षण किये जाने का भी निर्णय लिया गया है। सीजीएमएससी द्वारा 18 अगस्त को रायपुर और बलौदाबाजार के तमाम शासकीय अस्पतालों को सर्कुलर जारी कर दवा के पांच बैच को होल्ड करने कहा था।

दवा असरहीन...कृमिनाशक एल्बेंडाजोल की पांच बैच पर बैन, बच्चो को दी जाती थी खुराक

कई दवाओं के उपयोग पर रोक

सीजीएमएससी द्वारा कृमिनाशक दवा के पहले फंगस होने की वजह से पैरासिटामोल का टेबलेट, खून पतला करने की दवा, मिर्गी का झटका रोकने सहित अन्य तरह की दवा, ग्लूकोज चढ़ाने उपयोग की जाने वाली स्ट्रीप, जंग लगे सर्जरी ब्लेड और चक्कर आने की शिकायत पर एक कंपनी की ग्लूकोज के उपयोग पर भी पाबंदी लगाई गई थी। इन मामलों में भी सीजीएमएसी द्वारा कार्रवाई किए जाने की तैयारी है।

### दो साल पहले टेंडर, आरसी अब

सूत्रों के अनुसार मोक्षित घोटाले के बाद सीजीएमएससी में दवा और उपकरणों की खरीदी प्रक्रिया पर एक तरह के अस्थायी रोक लगा दी गई थी। उस दौरान टेंडर पूरा होने के बाद अटके रेट कांट्रेक्ट का काम अब पूरा किया जा रहा है। इस बीच कुछ ऐसी कंपनियों को दवाओं का ठेका दिए जाने का हल्ला मचने लगा है, जो दवा की सप्लाई को लेकर विवादों के घेरे में है।

### इस तरह की दवाओं को कराया गया होल्ड

1. 9एम कंपनी द्वारा सप्लाई की गई पैरासिटामोल में फंफूद होने की शिकायत पर 21 अगस्त को होल्ड
2. कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल के अमानक होने के संदेह में 19 अगस्त को उपयोग रोकने सर्कुलर
3. प्रेग्नेंसी टेस्ट किट की सही रिपोर्ट नहीं बताने की शिकायत पर 30 जून उपयोग नहीं करने निर्देश
4. मिर्गी सहित अन्य झटका रोकने वाली दवा के सही काम नहीं करने पर 6 जुलाई को कराया गया होल्ड
5. अस्थमा, एलर्जी की रोकथाम करने वाली दवा के उपयोग पर 13 जुलाई को रोक लगाने सर्कुलर जारी
6. सर्जिकल ब्लेड में जंग लगने की शिकायत पर 21 जुलाई को उपयोग नहीं करने का निर्देश
7. एंटी बायोटिक इंजेक्शन, सर्जिकल गलब्स के उपयोग पर 30 जुलाई से मनाही के निर्देश

# टेरर फंडिंग मामले में राजू खान की संपत्ति ईडी ने की जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन तथा सिमी नेटवर्क से जुड़े टेरर फंडिंग करने के आरोपी राजू खान की ईडी ने छह लाख 34 हजार रुपए की अचल संपत्ति जब्त की है। पाकिस्तान से हवाला के माध्यम से आई टेरर फंडिंग की रकम आतंकवादियों तक पहुंचाने राजू खान की महत्वपूर्ण भूमिका थी। राजू खान पर टेरर फंडिंग के 48.82 लाख रुपए ट्रांजेक्शन करने का आरोप है। उसके खिलाफ वर्ष 2013 में खमतराई थाने में एफआईआर दर्ज है। टेरर फंडिग के आरोपी धीरज साव के पकड़े जाने के ▶▶|शेष पेज 13 पर

■ पुलिस ने वर्ष 2021 को राजू खान को पश्चिम बंगाल से किया था गिरफ्तार

### टेरर फंडिंग में राजू की भूमिका

टेरर फंडिंग मामले में ईडी की जांच में खुलासा हुआ कि राजू खान इस नेटवर्क का मुख्य माध्यम था। उसके खाते में कुल 48.82 लाख रुपए नकद जमा हुए, जिसमें से 42.47 लाख रुपए उसने आतंकी संगठनों से जुड़े लोगों तक पहुंचाए। इस दौरान उसने करीब 13% कमीशन (6.34 लाख रुपए) अपने पास रखा। धीरज साहू उर्फ धीरज कुमार खालिद के इशारे पर कई बैंक खातों का दुरुपयोग कर कैश डिपॉजिट के जरिए रकम ट्रांसफर करता था। यह रकम कई परतों से होकर जुबैर हुसैन, आयशा बानो और अन्य लोगों तक पहुंचती थी।







# अटैचमेंट के बाद विज्ञापन ही जारी नहीं, एक समिति के पास 3 से अधिक राशन दुकानें, नियम 2 दुकान का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की निलंबित हुई दुकानों को आवंटन करने में नियमों का पालन नहीं किया गया है। पिछले तीन वर्षों में जिले में निलंबित की गई 39 दुकानों को दूसरी समितियों में अटैच किया गया है। इन दुकानों को अटैच हुए कई महीनें बीत चुके हैं। इसके बाद भी इन दुकानों के लिए नियम के तहत आवंटन करने के लिए विज्ञापन जारी नहीं हुआ है। गौर करने वाली बात यह है कि जिन निलंबित दुकानों को जिन दूसरी समितियों में अटैच किया गया है, उन समितियों को पहले से ही दो तथा उससे अधिक दुकानें आवंटित हैं, जबकि गाइड लाइन में एक समिति को अधिकतम दो दुकान ही आवंटित करने का प्रावधान है।

**केस 1**

रविन्द्र नाथ खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति मर्यादित समिति को पहले से दो दुकानें जिसकी आईडी 441001280 एवं 83 आवंटित है। इस समिति को और दो दुकान जिसकी आईडी 441001281, 82 को अटैच किया है।



**केस 2**

जय महाकाल खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति मर्यादित समिति को भी पहले से दो दुकान आईडी 441001253, 54 है। इस समिति में आईडी 441001253, 441001059 को अटैच किया है।

**विज्ञापन जारी**

जिले में 39 दुकानें अटैचमेंट में संचालित हो रही हैं। इन दुकानों के लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है।

- भूपेंद्र मिश्रा
जिला खाद्य नियंत्रक

### हितग्राहियों को परेशानी न हो इसलिए किया गया था अटैचमेंट

निलंबित दुकानों के बंद होने से हितग्राहियों को खाद्यान्न मिलने में असुविधा न हो इसे ध्यान में रखते हुए विभाग ने इन दुकानों को तब तक के लिए दूसरी समितियों में अटैच किया था, जब तक इन दुकानों का नियम के तहत आवंटन नहीं किया जाता। इन निलंबित दुकानों को दोबारा आवंटन करने की प्रक्रिया के लिए विभाग विज्ञापन जारी कर आवेदन मंगाता है। इस प्रक्रिया में एक से दो माह का समय लग जाता है, लेकिन जिले में ऐसी कई दुकानें हैं, जिन्हें अटैच किए 6-8 माह से लेकर सालभर से अधिक समय हो चुका है।

### एक ही जगह पर तीन दुकानें संचालित

विभाग के नियम के तहत खाद्यान्न लेने के लिए हितग्राहियों को ज्यादा दूर जाना नहीं पड़े, इसे देखते हुए कई वार्ड में दुकानों की संख्या भी बढ़ाई गई हैं, लेकिन अटैचमेंट की गई कई दुकानें एक ही जगह पर संचालित हो रही हैं। नियम के तहत दुकान वार्ड के अलग-अलग मोहल्ले एवं दूरी में खोली जानी है, लेकिन विभाग की अनदेखी के कारण दो एवं उससे अधिक दुकानें एक ही जगह पर अगल-बगल में ही संचालित हो रही हैं। इसके कारण वार्ड के कई मोहल्लेवासियों को इन दुकानों में आने के लिए लंबी दौड़ लगानी पड़ रही है।


## खबर संक्षेप



### सामाजिक उत्थान पर आधारित होगा सिंधु महापंचायत का दायरा

**रायपुर।** पूर्व विधायक एवं सिंधु महापंचायत के संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी के सभामंडप पर देवेंद्र नगर में आवश्यक बैठक बुलाई गई। इस दौरान संरक्षक श्री सुंदरानी कहा, सिंधी समाज एक है और सम्पूर्ण संगठित है। महापंचायत के प्रवक्ता दिनेश अठवानी ने इस संबंध में विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी ने कहा, समाज की पंचायतों का गठन योग्यता के आधार पर हो, बालक-बालिकाओं को भी टीम में लिया जाए। यही हमारा प्रथम प्रयास भी रहेगा। प्रमुख सलाहकार अमित जीवन ने कहा, विस्थापित होकर आए सिंधी समाज ने आज देश में प्रत्येक क्षेत्र में समाज की स्पष्ट छवि बनाई है, हमें पूर्व में केवल व्यापारी कौम समझा जाता था। महापंचायत के अध्यक्ष अमर गिदवानी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा, समूचे छग से जो मुखीगण आए हैं, पंचायत गठन में उनका विशेष योगदान रहा है। बैठक में संरक्षक राम गिडवानी, शमनलाल खूबचंदानी, बसंत कुकरेजा, मोहन तेजवानी, गोविंद वाधवानी, महामंत्री द्वय राधाकिशन सुंदरानी-जीतू बड़वानी, राजेश वासवानी, पार्षद सचिन मेघानी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय स्तर में बढ़ाया उड़िया समाज का मान




रायपुर। नुआखाई के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा देशवासियों को दी गई शुभकामनाओं के लिए समस्त उड़िया समाज में हर्ष है। यह एक ऐतिहासिक क्षण रहा है, क्योंकि मोदीजी देश के पहले राष्ट्रीय नेता हैं, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण सांस्कृतिक पर्व पर राष्ट्रीय स्तर पर शुभकामनाएं प्रेषित कर समाज का मान, सम्मान और गौरव बढ़ाया है। इस मौके पर सामाजिक नेता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा कि उड़िया समाज एक गरीब, मेहनतकश और संघर्षशील समाज है। हमारे सबसे बड़े महापर्व नुआखाई पर देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त होना हमारे लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है। इससे हमारे समाज का मान-सम्मान पूरे राष्ट्र में और बढ़ा है। देश के करोड़ों उड़िया समाज के लोग इसके लिए मोदीजी और शाहजी के अत्यंत आभारी हैं। इस और स्नेह के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए समाज ने एकमत से यह निर्णय लिया है कि जब भी प्रधानमंत्रीजी भविष्य में छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर आएंगे।

### शिवनाथ नदी में बने बांध, बस्तर और सरगुजा संभाग के अधिकतर बांधों में रिकार्ड जलभराव

# डेढ़ दर्जन बांध हुए लबालब, बस्तर और सरगुजा संभाग में बारिश का जमकर असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में चालू मानसून सीजन में 12 बड़े बांधों के अलावा 34 छोटे और मध्यम बांधों में से 18 बांध लबालब हो गए हैं। यह पिछले दो साल के मुकाबले सबसे अधिक है। इस सीजन में एक दर्जन बांध ऐसे हैं, जहां 90 प्रतिशत से अधिक जल भराव हो गया है। वर्तमान में बांधों में 87.21 प्रतिशत जल भराव है। राज्य में अब तक 952 मिमी बारिश हो चुकी है। इतने अधिक बांधों के अलावा कोरिया का झुमका 99, कांकेर का मयाना 98 और कबीरधाम जिले का सुतियापाट बांध 95 प्रतिशत जल भराव हो चुका है। इतने बांधों के लबालब होने से आने वाले दिनों में जल संकट से निपटने में सहायता मिलेगी।

मिनी माता बांगो बांध में अभी 89 प्रतिशत जलस्तर है। वहीं गंगरेल बांध की स्थिति देखें तो पता चलता है कि अभी 92 प्रतिशत जल भराव था। पिछले दिनों मिनीमाता बांगो बांध में जल स्तर बढ़ने के कारण चार दरवाजे खोल दिए गए थे। अब मिनीमाता बांगो बांध का जल स्तर घटकर 89 प्रतिशत हो गया है। बांध से कुल 23420 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा गया था। जलस्तर और आवक कम होने से गेट बंद कर दिए गए हैं। बांध के पानी का औद्योगिक और सिंचाई के लिए उपयोग को देखते हुए जलस्तर को मेंटेंन करने का कार्य सिचाई विभाग के अफसर कर रहे हैं।

### अब तक 952.4 मिमी औसत वर्षा



### यहां 90 प्रतिशत से अधिक पानी

*वहीं प्रदेश के एक दर्जन से अधिक बांधों में जलस्तर 90 प्रतिशत से अधिक हो गया है। इनमें मिनीमाता बांगों में 89.37, गंगरेल 90.37, सिकासार 96, कर्रानाला 96 और मयाना में 95 प्रतिशत जल का भराव है। इनमें से कुछ बांध ऐसे है जहां पर कैचमेंट एरिया से पानी आने के कारण नहरों के माध्यम से नदी में पानी छोड़ा जा रहा है।*

### अंतिम चरण पर मानसून

*छत्तीसगढ़ में चालू मानसून अंतिम पढ़ाव पर है। मई माह से शुरू हुए मानसून पहले तो सामान्य ढंग से चला। जून माह में 17 प्रतिशत कम बारिश होने के कारण लगा कि इस बार बारिश में कमी आई। जुलाई माह में दस दिन के मानसून ब्रेक किसानों की फसलों को नुकसान होने की आशंका बनी हुई थी। जुलाई माह के अंत और अगस्त की शुरुआत में अच्छी बारिश ने इस कमियों को पूरा कर दिया। अब बांधों में लबालब पानी है। 15 सिंतबर के बाद मानसून की तीव्रता कम होने के कारण अब मानसून अंतिम चरण पर आ गया है।*

### ये बांध हुए लबालब

छत्तीसगढ़ में अब तक हुई बारिश से जो बांध लबालब हो गए हैं, उनमें खारंग, मनियारी, कोसारटेडा, परलकोट, घोंघा, खमारपाकुट, बांकी, कुंवरपुर, बेहराखार, खपरी, धारा, रूसे, तांदूला, किनकारी, छीरपानी, मटियामोती, गेज टेंक, बरनई और खरखरा जलाशयों में 100 प्रतिशत जल भराव हो गया है। इन बांधो में से कुछ बांधों में जलस्तर को बनाए रखने नहरों के माध्यम से पानी छोड़े जाने की जानकारी आई है। मानसून सीजन के अब अंतिम दौर में आने पर विभाग जलस्तर को बनाए रखने का प्रयास कर रहा है।

### किस संभाग में कहां सबसे अधिक बारिश

छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 952.4 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 1329 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 461.7 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में धमतरी में सबसे अधिक 839.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। वहीं बिलासपुर संभाग में सबसे अधिक रायगढ़ में 1165.8 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1156.2 मिमी, सक्ती में 1049.8 मिमी, कोरबा में 1003.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। दुर्ग संभाग में सबसे अधिक मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1170.9 मिमी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 690.0 मिमी और बालोद में 1013.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। सरगुजा संभाग में सबसे अधिक सूरजपुर में 1006 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। बस्तर संभाग सबसे अधिक बीजापुर में 1288.4 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

### वन विभाग में प्रशासनिक फेरबदल जल्द

# पीसीसीएफ समेत कई अफसरों को मिलेगी नई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के वन विभाग में जल्द ही बड़ा प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिल सकता है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक समेत कई अफसरों के कार्यक्षेत्र में बदलाव की संभावना है। इसकी शुरुआत उन वरिष्ठ अधिकारियों की सेवानिवृत्ति से हो रही है, जिन्होंने वन एवं पर्यावरण क्षेत्र में लम्बे समय तक अपनी सेवाएं दी हैं। ऐसे में जल्द ही इस प्रस्ताव पर अंतिम मुहर लगने की संभावना है। 1988 बैच के सुधीर अग्रवाल और 1993 बैच के आलोक कटियार 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो गए हैं। सुधीर अग्रवाल ने वन विभाग में आधारभूत संरचना विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया। वहीं, आलोक कटियार ने वर्किंग प्लान जैसी अहम शाखाओं में योगदान दिया। दोनों ही अधिकारियों की सेवानिवृत्ति के साथ विभाग में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। बता दे कि सितंबर में 2006 बैच के प्रभाष मिश्रा भी सेवानिवृत्त होंगे। इसके अलावा अक्टूबर में 1991 बैच के मोरिश नंदी और 1994 बैच के सुनील मिश्रा भी सेवानिवृत्त होंगे। इससे विभाग में उच्च स्तर पर पुनर्गठन की संभावना और प्रबल हो गई है।

■ पीसीसीएफ अग्रवाल और कटियार सेवानिवृत्त




### इन अफसरों को मिल सकती है नई जिम्मेदारी

सूत्रों के मुताबिक, वरिष्ठ आईएफएस अफसर प्रेमकुमार और तपेश झा को पीसीसीएफ (वन्य प्राणी) जैसे महत्वपूर्ण पद पर जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। साथ ही अरुण पांडेय और कौशलेन्द्र कुमार जैसे अफसरों को भी बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। वन विभाग में पीसीसीएफ (वन्य प्राणी) का पद दूसरा सबसे महत्वपूर्ण पद होता है, जिसे आमतौर पर अत्यंत वरिष्ठ और अनुभवी अफसर को सौंपा जाता है।

## मुख्यमंत्री साय, विस अध्यक्ष रमन सहित भाजपा नेताओं ने शांताराम को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह, प्रदेश के कई मंत्री और भाजपा नेता शनिवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यालय जागृति मंडल पंडरी पहुंचे और पूर्व प्रांत प्रचारक शांताराम को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री साय ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, शांतारामजी संघ के वरिष्ठ प्रचारक थे और उनका मेरे साथ गहरा आत्मीय संबंध रहा है। वे सदैव अभिभावक के समान स्नेह और मार्गदर्शन प्रदान करते रहे। उनका निधन संघ परिवार, समाज और प्रदेश के लिए ही नहीं, बल्कि मेरे लिए भी व्यक्तिगत क्षति है। मुख्यमंत्री श्री साय ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा, दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा सभी शुभचिंतकों को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने शांतारामजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, वे हमारे लिए पिता तुल्य थे। उनके निधन से पूरा प्रदेश शोकाकुल है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, गजेंद्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे, विधायक अनुज शर्मा एवं मोतीलाल साहू, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, कृषि कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में भाडपा नेता और स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### हम सबने अपने अभिभावक को खोया : सौदान सिंह

रायपुर। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने वरिष्ठ प्रचारक व छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत प्रचारक रहे शांताराम के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, उनका समग्र जीवन मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा है। उनके निधन से हम सबकी अपूरणीय क्षति हुई। उनका प्रेरणादायी जीवन हम सबको सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने समाज जीवन में संघ से विचार को जो बीजारोपण किया है, उसे हम सब और पल्लवित करेंगे। उनके जाने से लग रहा है, हम सबने अपना अभिभावक खो दिया है। उन्होंने प्रार्थना की, पुण्य आत्मा को ईश्वर अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।

## बस्तर संभाग में बाढ़ पीड़ितों को विशेष पैकेज देने की मांग, बैज ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

### सर्वे कराकर मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बस्तर संभाग में भारी बारिश से आई बाढ़ की त्रासदी ने कई गांव/शहरों को प्रभावित करते हुए वहां के जन जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। बाढ़ से कई घर बह गए, लोग बेघर हो गए, घरों में रखे सामान बह गए, जनहानि तथा फसलों को भारी नुकसान हुआ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बस्तर संभाग के लिए 'विशेष बाढ़ राहत पैकेज' की मांग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है।

उन्होंने पत्र में कहा है कि बाढ़ प्रभावितों की जीवनभर की जमा पूंजी पलभर में ही तबाह हो गई, उनके आंसू थम नहीं रहे हैं, वे लगातार मदद की मांग कर रहे हैं, जबकि बस्तर में भरपूर खनिज संसाधन है और उनका दोहन भी हो रहा है। इससे राज्य सरकार को डीएमएफ व सीएसआर से प्रतिवर्ष लगभग 1500 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व प्राप्त हो रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा बाढ़ पीड़ित परिवारों को जो राशि दी जा रही है, वह इस भयावह आपदा की तुलना में पर्याप्त नहीं है। ऐसी स्थिति में राज्य सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि प्रभावित क्षेत्रों के प्रत्येक परिवार को 'विशेष बाढ़ राहत पैकेज' उपलब्ध कराया जाए।



### इन बिंदुओं पर दिया जोर

अपने पत्र में उन्होंने मांग की है कि जिनके पक्के मकान पूरी तरह ढह गए, उन्हें 10 लाख व कच्चे व क्षतिग्रस्त मकान को 5 लाख रुपये का मुआवजा प्रदाय किया जाए। किसानों को हुई फसल क्षति की मुआवजा राशि बढ़ाई जाए। बाढ़ में बह गए सामान जैसे राशन, गैस-चूल्हा, आलमारी, टीव्ही, फ्रिज, कूलर, सोफासेट, कम्प्यूटर, दो व चार चक्के के वाहन तथा किराना एवं अन्य दुकानों इत्यादि उनकी सूची बनाकर उचित मुआवजा दिया जाए। स्कूली बच्चों के लिए निःशुल्क कॉपी, किताब, ड्रेस एवं बैग की व्यवस्था की जाए। पशुधन का सर्वे कर उचित मुआवजा दिया जाए। पुनर्वास के लिए दीर्घकालीन योजना बनाई जाए। क्षतिग्रस्त सड़कों, पुल-पुलिया और विद्युत व्यवस्था की तत्काल बहाली की जाए।

### कांग्रेस का आरोप- मुफ्त बिजली का झांसा देकर जनता को लूट रही भाजपा सरकार

**रायपुर।** साय सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना बंद किये जाने से जनता परेशान हो गयी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना बंद किये जाने का असर इस माह के बिजली बिल में साफ दिखने लगा है। इस माह लोगों को बिजली बिल दोगुना आया है। उन्होंने कहा, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 400 यूनिट तक की खपत पर हाफ बिल योजना शुरू की थी। उस समय 400 यूनिट से अधिक खपत होने पर भी 400 यूनिट तक का आधा बिल ही आता था, लेकिन वर्तमान सरकार ने नियम बदल दिया है। अब केवल 100 यूनिट तक की खपत पर ही आधे बिल का लाभ दिया जा रहा है। 100 यूनिट से एक यूनिट भी अधिक होने पर पूरा बिल जनता को देना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जिसका बिल पिछले माह सामान्यतः 800 से 900 रुपये आया था, उन्हें इस माह लगभग उतनी ही बिजली खपत पर 1800 से 2000 रुपये तक का बिल मिला है।







### पॉवर कंपनी के संविदा कर्मचारी 19 से करेंगे आंदोलन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ 3 सूत्रीय मांगों को लेकर चार चरणों में आंदोलन करेगा। नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर 19 सितंबर से आंदोलन की शुरुआत होगी। इस दिन वितरण कंपनी के क्षेत्रीय मुख्यालयों में पॉवर कम्पनी अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। मांग पूरी नहीं होने पर 18 अक्टूबर से पॉवर कंपनी के संविदा विद्युत कर्मचारी अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल पर जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा के पास स्थित ग्राम खपरीकला में शनिवार दोपहर एक दुखद घटना में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। महिला अपनी खेत में काम कर रही थी, तभी यह हादसा हुआ। घटना दोपहर करीब 1:30 बजे की है। ग्राम खपरीकला निवासी सुनीता वर्मा (44) अपने खेत पर काम कर रही थीं। उनके साथ उनकी एक पड़ोसी महिला भी थी। अचानक तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में सुनीता वर्मा आ गईं। बिजली गिरने से उनके सिर और दाहिने हाथ में चोटें आईं। साथ में काम कर रही पड़ोसी महिला ने तुरंत सुनीता के परिवार को घटना की सूचना दी। परिवार के लोग तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने जाँच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। नेवरा पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### जीएसटी के स्लैबों में कटौती से महंगाई से मिलेगी राहत

**आरंग।** केंद्र सरकार द्वारा 22 सितंबर से जीएसटी व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए अब केवल दो दरें 5 प्रतिशत व 18 प्रतिशत लागू की जाने की केंद्र सरकार की निर्णय का प्रीतम कुमार साहू जनपद सदस्य आरंग ने स्वागत करते हुए कहा कि इससे दैनिक जीवन में उपयोग आने वाले अधिकांश जरूरी सामानों पर सीधे लाभ मिलेगा।नए स्लैब के अनुसार, खाद्य तेल, आटा, चावल, दाल, कपड़ा, जूते-चप्पल, मोबाइल, साइकिल, गैस चूल्हा व छोटे घरेलू उपकरण जैसे सामान 18% से घटकर अब 5% टैक्स स्लैब में आ जाएंगे। इससे इनकी कीमतों में औसतन 8 से 12 प्रतिशत तक की कमी होने का अनुमान है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, दवा, फर्नीचर व अन्य उपयोगी वस्तुएं अब केवल 18% जीएसटी पर उपलब्ध होंगी। पहले इन पर 28% तक टैक्स देना पड़ता था। जनपद सदस्य प्रीतम कुमार साहू ने आगे कहा कि सरकार का यह कदम आम जनता को राहत देने वाला है। विशेषकर किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारी और मध्यम वर्गीय परिवार को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। रोजमर्रा के उपयोगी सामान सस्ते होंगे तो महंगाई का बोझ भी काफी कम होगा।

## निधन

### चोवाराम साहू

**आरंग।** ग्राम गोइंदा निवासी चोवाराम साहू (73)का सोमवार को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे बिमला साहू के पति, भानुप्रताप, हुमन व लेखराम साहू के पिता थे।



---

विसर्जन

# अंचल में हुआ गणेश विसर्जन, नम आंखों से दी गई बप्पा को विदाई

### भक्तों ने भगवान गणेश को फूलों नारियल और आरती के साथ विदाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नगर और आसपास के क्षेत्रों में 11 दिनों तक चले गणेश उत्सव का शनिवार को भावपूर्ण माहौल में समापन हो गया। भक्तों ने नम आंखों और गहरी श्रद्धा के साथ विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। सुबह से ही विभिन्न गणेश पंडालों और घरों में पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का सिलसिला शुरू हो गया था, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा था। विसर्जन के लिए निकाली गई शोभायात्रा में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। लोग ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते हुए भगवान गणेश की जय-जयकार कर रहे थे। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष से पूरा नगर गूंज उठा। भक्तों ने भगवान गणेश को फूलों, नारियल और आरती के साथ विदाई दी। इस दौरान हर किसी के चेहरे पर बप्पा को विदाई देने की खुशी और अगले साल उनके जल्दी आने की कामना दिखाई दे रही थी।

- गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष से पूरा नगर गूंज उठा



### धार्मिक सद्भाव और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

*गणेश विसर्जन के अवसर पर धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। विभिन्न गणेश उत्सव समितियों ने प्रतिमाओं को विसर्जन स्थलों तक पहुंचाया। इस दौरान पुलिस और प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि विसर्जन का कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। आरंग में गणेश विसर्जन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी प्रतीक है। भक्तों ने बप्पा से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। जैसे ही गणेश प्रतिमाएं जल में विलीन हुईं, भक्तों ने भावुक होकर उन्हें विदाई दी। यह पल दिखाता है कि भगवान गणेश केवल एक देवता नहीं, बल्कि हर भक्त के जीवन का एक अभिन्न हिस्सा हैं। यह विदाई एक अंत नहीं, बल्कि अगले साल फिर से मिलने की एक नई उम्मीद है।*



### तरपोंगी में धूमधाम से हुआ गणेश विसर्जन

**तरपोंगी।** तरपोंगी और आसपास के क्षेत्रों में गणेश उत्सव का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। 10 दिनों तक विभिन्न समितियों द्वारा पूजा-पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गणेश उत्सव के अंतिम दिन, प्रतिमाओं को बाजे-गाजे के साथ पूरे गांव में घुमाया गया। इसके बाद, भक्तों ने नम आंखों से भगवान गणेश की प्रतिमाओं को तालाब और कोल्हान नाला में विसर्जित किया। इस दौरान वातावरण 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों से गूंज उठा।

### स्वाहा–स्वाहा की गूंज से गुंजायमान रहा गणेश पंडाल



**आरंग।** गणेशोत्सव के तहत शुक्रवार को स्थानीय गणेश पंडाल में हवन पूजन का भव्य आयोजन किया गया। मंत्रोच्चार और स्वाहा–स्वाहा की ध्वनि से पूरा पंडाल धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा से गुंजायमान हो उठा। हवन पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर आहुति अर्पित की और परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और मंगलकामना के लिए प्रार्थना की। महिलाओं ने विशेष रूप से पारंपरिक वेशभूषा में भागीदारी निभाई, वहीं बच्चों ने भी हवन के समय आहुति देकर आयोजन को यादगार बना दिया। पुजन के पश्चात पंडाल में भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि हवन पूजन का उद्देश्य समाज में शांति, समृद्धि और आपसी भाईचारे का संदेश देना है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में विविध सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं की भीड़ और भक्ति भाव से वातावरण देर तक दिव्य बना रहा। गणेश भक्तों ने इसे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने वाला अनुभव बताया।



आरडीए बाल गणेश उत्सव समिति टिकरापारा रायपुर

---

# कूड़ो चैंपियनशिप में अंचल के खिलाड़ियों ने जीते सात पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

- कई खिलाड़ी नेशनल के लिए क्वालीफाई



दुर्ग के स्वामी विवेकानंद इंडोर स्टेडियम में 22 से 24 अगस्त तक आयोजित चौथी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कूड़ो चैंपियनशिप 2025 में धरसींवा, रायपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 7 पदक अपने नाम किए। इस प्रतियोगिता का आयोजन कूड़ो एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा किया गया था और इसे खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन का भी समर्थन प्राप्त था। कूड़ो एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष राजा कौशल की देखरेख में हुई इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 18 जिलों से लगभग 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। रायपुर टीम के कोच इशांत महंत ने बताया कि रायपुर के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इनमें सबसे कम उम्र की फाइटर अतीक्षा महंत ने अपनी ओपनिंग फाइट में ही पहला सिल्वर मेडल जीतकर रायपुर की झोली में डाला। इसके अलावा, दिव्या महंत ने सीनियर कैटेगरी में गोल्ड मेडल हासिल कर नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। नेहा तुरकाने (नगरपालिका मंदिर हसौद) और दामिनी साहू ने भी सेमी-फाइनल में क्रमशः सिल्वर मेडल जीतकर नेशनल के लिए अपनी जगह पक्की की। सीनियर वर्ग में, इशांत महंत (70 किग्रा) और यश दीवान (55 किग्रा) ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। वहीं, टिकेश्वर पटेल ने 58 किग्रा सीनियर वर्ग में सिल्वर मेडल हासिल कर नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। इन सभी खिलाड़ियों ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से न सिर्फ अपने जिले का नाम रोशन किया है, बल्कि आगामी नेशनल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने का मौका भी हासिल किया है। इन सभी खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

### अलग-अलग हादसों में दो दिनों में छह की मौत

**तिल्दा नेवरा।** नेवरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार एवं शनिवार की शाम 4:00 बजे तक अलग-अलग घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई है नेवरा पुलिस ने अलग-अलग मर्ग कायम किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को टंडवा स्थित बजरंग पावर प्लांट के पीछे लेबर कॉलोनी में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या किया है, इसी तरह कोटा के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है, वही बेमेतरा की एक युवती ने अपने घर में रखें बहुत सारे दवाई (टेबलेट) का सेवन कर ली परिजनों ने उसे खुशी अस्पताल तिल्दा लाए जहां से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित किया, मामला प्रेम प्रसंग का बताया गया है । वहीं श्याम नगर तिल्दा निवासी मानसिक रोगी ने अत्यधिक दवाई का सेवन कर लिया जिससे उसकी भी मृत्यु हो गई।

# श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ हनुमान मंदिर में जारी

**रायपुर।** मठपुरैना वाटर फिल्टर प्लांट परिसर में स्थित सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में भादो पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर श्रीरामचरिचमानस के अखंड पाठ का शुभारंभ मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहनलाल साहू और सोमनाथ निषाद ने किया। इस अवसर पर दीनदयाल साहू की पार्टी ने भजन-कीर्तन की प्रस्तुति दी। रामचंद्र पटेल, वैद्यराज नंदलू साहू भोजराज साहू, किशोर साहू, बाबूलाल साहू ने मानस के विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि हनुमानजी कलयुग के प्रत्यक्ष देवता है और उनकी रामभक्ति का जगत में दूसरा उदाहरण नहीं मिलता है। जहां राम की भक्ति होती है वहां हनुमानजी किसी न किसी रूप में आते हैं और भक्तों के मनोरथ को पूरा करते हैं। मंदिर समिति ने जानकारी दी कि मानस पाठ की पुर्णाहुति रविवार दोपहर हवन पूजा के साथ की जाएगी। उन्होंने बताता कि सूतक काल में भी पाठ का सिलसिला जारी रहेगा। उल्लेखनीय है मंदिर में पिछल 35-40 वर्षों से प्रति पूर्णिमा में अखंड मानस पाठ का आयोजन किया जा रहा है। पितर पक्ष की शुरुआत 7 सितंबर से होगी और उसके वाद दुर्गा पूजा की शुरूआत होगी। मंदिर में इस वर्ष भी क्वांर नवरात्रि पर मनोकामना ज्योति कलशों की स्थापना की जाएगी। जिसकी तैयारी प्रारंभ कर दी है।



### 26 पौवा शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



**तिल्दा-नेवरा।** नेवरा पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति नेवरा की शराब दुकान के पास छोटे पुलिया के पास अवैध रूप से शराब बेचने के लिए खड़ा है। सूचना के आधार पर, पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर छापा मारा और आरोपी भानु महिलांग (32 वर्ष), निवासी ग्राम सोनबरसा, जिला बलौदा बाजार को हिरासत में ले लिया। आरोपी के पास मौजूद एक काले रंग के बैग से 26 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(ख) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# कैंप में दी मासिक धर्म व स्वच्छता की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

संकल्प एचईडब्लू के विशेष जागरूकता अभियान के तहत 5 सितंबर को ग्राम कुकरा में मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर विशेष केम्प आयोजित किया गया। इस अवसर पर लगभग 50 महिलाएं एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहीं। केम्प में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मुख्य नर्स कल्पना वर्मा ने विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता अपनाने, सेनेटरी पैड का नियमित इस्तेमाल, 8 से 10 गिलास पानी पीने, हरी सब्जियों व दालों का सेवन करने, आयरन की गोलियां लेने तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उचित खानपान और साफ-सफाई से महिलाएं मासिक धर्म से जुड़ी कई समस्याओं से बच सकती हैं। इस मौके पर उपस्थित बाल विकास विभाग, सेक्टर भानसोज की पर्यवेक्षक एवं प्रदेश पर्यवेक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती ऋतु परिहार ने भी उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा ग्राम स्तर पर महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म से जुड़ी सही जानकारी मिलना बहुत जरूरी है। अक्सर जागरूकता की कमी और संकोच के कारण महिलाएं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करती हैं। संकल्प एचईडब्लू का यह प्रयास सराहनीय है क्योंकि इससे ग्रामीण समाज में खुलकर बातचीत की शुरुआत होती है और महिलाएं स्वस्थ एवं आत्मनिर्भर बन पाती हैं।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं व किशोरियों को निःशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण भी किया गया। ग्रामीण महिलाओं ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से उन्हें सही जानकारी मिलती है और झिझक दूर होती है।

---

सांसद अग्रवाल, मंत्री खुशवंत, विधायक रोहित कार्यक्रम में शामिल हुए

# शिक्षक दिवस पर शाल भेंटकर शिक्षकों का विधायक इन्द्रकुमार ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

शिक्षक दिवस एवं विधायक इन्द्रकुमार साहू ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के शिक्षको को श्रीफल, शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सासंद बृजमोहन अग्रवाल,कैबिनेट मंत्री गुरू खुशवंत साहेब,विधायक राजिम रोहित साहू,पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू,प्रदेश मंत्री अमित साहू,जिलाअध्यक्ष श्याम नारंग,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रदेश संयोजक अंजेय शुक्ला प्रमुख नेताओ सहित क्षेत्र के हजारो कार्यकर्ता विधायक को बधाई देने पहुंचे। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से एक छोटे से किसान का बेटे को क्षेत्र मे विधायक के रूप मे जनसेवा का दायित्व मिला है आप सभी ने मुझे अपना भाई,बेटा समझकर जो प्रेम व सम्मान दिया है। उसके लिए सदैव ऋणी रहूंगा,क्षेत्र के विकास कार्यो मे कोई कमी नही आने देगे विगत 20 महीने मे करीब 200 करोड़ के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन,लोकार्पण हुआ है जिस उद्देश्य को लेकर मुझे विधायक बनाया है इसकी रूपरेखा बना ली गई है आने वाले समय मे हमारी योजना है कि दोनो नगर पालिका सहित 126 गांवो मे बैठक का आयोजन कर शक्ति केन्द्रो के माध्यम से हर गांव मे पहुंचकर कार्यकर्ताओ के माध्यम से कार्ययोजना बनाकर प्रत्येक गांव को समान रूप से विकास कार्यो को गति दी जायेगी।

### उपस्थित रहे



कार्यक्रम मे जनपद अध्यक्ष चंन्द्रिका जितेन्द्र बंजारे,नपां.अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,मंडल अध्यक्ष भरत बैस,नागेन्द्र वर्मा,किशोर साहू,सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मुकेश ढीढी,जप उपाध्यक्ष खेलू राम साहू,सभापति चंचल राजा दीवान,ब्रम्हानंद साहू,संतराम साहू,विवेक तिवारी,हेमलता विनोद चंन्द्राकर,निशा प्रवीण कल्ला, राजेश्वरी ओमप्रकाश ध्रुव,नंदनी महेन्द्र खुटियारे,वर्षा संतोष मिश्रा,रानी मनोज सोनवानी,हिमांशु खरे,कमल तारक,प्राधिकृत अधिकारी प्रदीप शर्मा,अनिल साहू,राजू तारवानी,विजय सिन्हा व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष...

### शव रखने जगह...

धूप और बारिश के समय वहां सिर छिपाने की जगह नहीं है, न ही लोगों के बैठने के लिए सुरक्षित शेड। बड़ी मुश्किल से लोग वहां अंतिम क्रिया कर घर लौटते हैं, जबकि इस मुक्तिधाम का उपयोग सोनडोंगरी बस्ती, नया बाल्मिकी आवास, अटल आवास, बीएसयूपी कालोनी, शिव शक्ति कालोनी, जय भीम कालोनी, अवध पारा, एकता कालोनी, पुराना बीएसयूपी सोनडोंगरी, नया बीएसयूपी कालोनी, मीडिया कालोनी के लोग अंतिम संस्कार के समय करते हैं। दरअसल, जीवनभर रोटी-कपड़ा और मकान की जद्दोजहद में जुटे लोगों को शहर के आउटर के वार्ड में नगर निगम सुविधा युक्त मुक्तिधाम की व्यवस्था नहीं कर पाया यहै। हालत ये है कि आखिरी समय में अब इंसान को साफ-सुथरी दो गज जमीन भी नसीब नहीं हो पा रही है। नगर निगम जोन 8 के पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड के सोनडोंगरी का मुक्तिधाम का कमोबेश यही हाल है। यहां पर सौंदर्यीकरण तो दूर, मुक्तिधाम में जंगल झाड़ी की तरह उग आए झाड़ और घासफूस को साफ नहीं कराया गया है। दलदल जमीन उबड़ खाबड़ होने के साथ मुक्तिधाम से आसपास घुटनाभर पानी भरा हुआ है। यहां गंदे पानी के निकास की व्यवस्था भी नहीं है। वार्ड पार्षद भगतराम हरवंश ने बताया कि शुक्रवार को सोनडोंगरी की एक महिला का निधन होने पर उसके परिजन मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए ले गए, तो वहां देखा कि शव रखने के लिए सुरक्षित जगह तक नहीं है। कीचड़ और बारिश का गंदा पानी चारों ओर भरा होने से अंतिम यात्रा में शामिल होने पहुंचे लोगों के लिए पैर रखने साफ-सुथरी जगह तक नहीं है। मैंने खुद निगम आयुक्त विश्वदीप और जोन 8 के आयुक्त राजेश्वरी पटेल को मुक्तिधाम की दुर्दशा की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए आग्रह किया। तीन माह से निगम मुख्यालय में मुक्तिधाम की मरम्मत और आवश्यक सुविधा वाली फाइल डंप है। जोन वाले ध्यान नहीं दे रहे और न ही निगम मुख्यालय के अधिकारी को इसकी चिंता है। लोगों की परेशानी को देखते हुए मैंने सप्ताह पहले निगम की जेसीबी मशीन ले जाकर उबड़ खाबड़ जमीन को समतल करने का प्रयास किया, पर मशीन फंस जाने से मुक्तिधाम वाली जगह समतल नहीं हो पाई।

### दर्जनभर घटिया दवाओं...

तो किए जा रहे हैं, मगर अब तक किसी कंपनी को ब्लैक लिस्टेड अथवा फाइन जैसी कार्रवाई नहीं की गई है। शुक्रवार को सैंपलों की रिपोर्ट अमानक आने पर एल्बेंडाजोल की सप्लायर कंपनी को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। इस तरह की कार्रवाई जुलाई में मिर्गी का झटका रोकने वाली दवा के असरहीन होने के संदेह में किया गया था और नोटिस के बाद मामला आगे नहीं बढ़ा। शिकायत दर्जनभर के करीब दवाओं और उपकरणों के मिल चुकी है, मगर नोटिस केवल दो को दिया जाना दवा कार्पोरेशन की कार्यप्रणाली को संदेह में रखता है।

### टेरर फंडिंग मामले में...

बाद राजू खान फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने वर्ष 2021 में पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया। खमतराई थाने में दर्ज एफआईआर के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की थी। एफआईआर में धीरज साहू और अन्य पर गैरकानूनी गतिविधि के तहत मामला दर्ज हुआ था। आरोप था कि भारत में कुछ अज्ञात व्यक्तियों से पैसा पाकिस्तान के किसी खालिद नाम के व्यक्ति के निर्देश पर बैंक खातों में जमा होता था। फिर यह रकम सिमी तथा इंडियन मुजाहिदीन से जुड़े जुबैर हुसैन, आयशा बानो और राजू खान तथा अन्य लोगों तक पहुंचाई जाती थी। अब तक नौ लाख से ज्यादा की संपत्ति अटैच टेरर फंडिग मामले में ईडी ने अब तक कुल 9 लाख 15 हजार 836 रुपए की चल-अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया है। जांच एजेंसी के मुताबिक, यह रकम आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए प्राप्त अवैध आय है। राजू ने वर्ष 2023 में हाईकोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

### आज 12.57 पर सूतक...

उचित नहीं है। इसीलिए सूतक लगने से पहले नियम अनुसार गणपति प्रतिमा का विसर्जन कर दिया जाए। चंद्रग्रहण में 7 सितंबर रविवार को दोपहर 12.57 मिनट पर सूतक लग रहा है, क्योंकि चंद्रग्रहण रात्रि 9 बजकर 57 में स्पर्श तथा मोक्ष रात्रि 1 बजकर 26 मिनट पर होगा। इसीलिए गणपति प्रतिमा का विसर्जन दोपहर 12 बजे तक कर दिया जाए।

## खबर संक्षेप



### गणेश मंदिर में बप्पा को 51 किलो लड्डू का महाभोग

रायपुर। श्रीगणेश मंदिर बूढ़ापारा में रविवार को शाम 6 बजे भगवान गणेश को 51 किलो लड्डू का महाभोग लगाया गया। भाजपा नेता राकेश राज की तरफ से यह महाभोग रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, प्रदीप चंद्राकर, नागेंद्र पांडे, पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम देवांगन, सुनील सोनकर, हरीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस मौके पर उपस्थित रहे।

### जुलूसे मोहम्मदी का किया स्वागत



रायपुर। मुस्लिम समाज द्वारा शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी पर धूमधाम से जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने जूलूस का स्वागत किया। यह स्वागत मोर्चा जिला के अध्यक्ष अब्दुल नासिर खान के नेतृत्व में किया गया, जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विधायक पुरंदर मिश्रा, नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, छग राज्य सहकारी बैंक मर्यादित के अध्यक्ष केदार गुप्ता, सीएसडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, पार्षद अवतार बागल, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिर्जा एजाज बेग, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, मख्मूर खान, नजमा अजीम, मिर्जा साजिद पठान, असगर अली, ताहिर राजा, रेहाना खान, आमिर बेग, हाफिज भाई, शेख निजाम, इसराइल खान, इसराइल शेख, आरिफ नियाजी, शेख महमूद राजा, इम्तियाज खान, याकूब गनी, आरिफ खान, फरहा नाज, आसिया बेगम आदि शामिल रहे।

### स्वास्थ्य जांच शिविर आज



रायपुर। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवं सिंधु डॉक्टर फोरम के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ शिविर और रक्तदान शिवर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर रामकृष्ण हॉस्पिटल में 7 सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, महापौर मीनल चौबे, बीजेपी जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कार्यक्रम का लाभ लेने का आग्रह किया है। यह जानकारी सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने देते हुए बताया कि शिविर रजिस्ट्रेशन के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर की टीम डॉ. संदीप दवे, डॉ. पंकज धाबलिया, डॉ. भरत अग्रवाल, डॉ. पवन जैन, डॉ. विनोद आहूजा, डॉ. अजीत शढाणी, डॉ. प्रवाश चौधरी, डॉ. रवि जायसवाल, डॉ. हितेश दुबे, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. चेतना रमानी, डॉ. उज्ज्वला वर्मा, डॉ. ललित निहाल आदि से संपर्क कर सकते हैं।

## निधन

### रमन अग्रवाल



रायपुर। अवंति विहार निवासी रमन अग्रवाल (72) का 6 सितंबर को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 7 सितंबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे कृष्ण कुमार अग्रवाल की पत्नी, ज्योति, रश्मि, अभिषेक अग्रवाल की माता थीं।

### रितु मिश्रा



रायपुर। ग्राम खट्टी अभनपुर निवासी रितु मिश्रा का 5 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. प्रफुल्ल मिश्रा की पुत्रवधू एवं राकेश मिश्रा की धर्मपत्नी थीं।

### शकुंतला देवी बैद



रायपुर। सदर बाजार निवासी शकुंतला बैद का 6 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार 7 सितंबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा।

### विश्वनाथ घोष

रायपुर। अमलीडीह बरड़िया कालोनी निवासी विश्वनाथ घोष (70) का 6 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार 7 सितंबर को काली श्मशान घाट में किया जाएगा। वे जयदेव घोष के पिता थे।

# चांदी के जेवरों में भी हॉलमार्किंग होगी जरूरी, होंगे छह डिजिट

## चांदी में भी सोने की तरह शुद्धता की आधा दर्जन श्रेणियां रखे जाने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

सोने के जेवरों के बाद अब जल्द ही चांदी के भी जेवरों में हॉलमार्किंग की तैयारी प्रारंभ हो गई है। इसको लेकर बीते माह ही भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने एक बड़ा फैसला लेते हुए निर्देश जारी किया है कि चांदी में अब 6 डिजिट वाली एचयूआईडी हॉलमार्किंग लागू होगी और यही हॉलमार्क वाले चांदी के गहनों की खरीदी बिक्री होगी। माना जा रहा है कि यह अगले माह से लागू हो सकता है, लेकिन इसी के साथ पुराने चांदी के जेवरों के स्टॉक को समाप्त करने के लिए भी समय दिया जाएगा। इसके बाद पुरानी प्रक्रिया पर रोक लग जाएगी। बाजार में व्यापारी व ग्राहक को इससे फायदा ये होगा कि शुद्धता का प्रमाण तय होगा, धोखाधड़ी से बचा जा सकेगा, विश्वास मजबूत होगा और अंतरराष्ट्रीय मान्यता रहेगी। चांदी के जेवरों में भी सोने की तरह छह श्रेणियां 83.5 से 99 फीसदी शुद्धता की रखे जाने की संभावना है।



### सोने में भी आधा दर्जन श्रेणियां

उल्लेखनीय है सोने में 14,18,20,22,23 व 24 कैरेट के गहने हॉलमार्क वाले ही बिका करते थे अब बीआईएस ने 9 कैरेट वाले सोने को भी इस ग्रेड में ला दिया है। हालांकि पहले यह जरूरी नहीं था। अब सोने व चांदी के गहनों में हॉलमार्क लागू हो जाने से शुद्धता पूरी तरह से प्रमाणित होगी। संभावित धोखाधड़ी से बचा जा सकेगा।

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू का कहना है, इससे जहां चांदी के गहनों की शुद्धता प्रमाणित होगी वहीं फर्जीवाड़ा पर भी रोक लगेगी। इसमें ग्राहक बीआईएस के केयर ऐप में हॉलमार्क का डिजिट अपलोड कर आसानी से शुद्धता परख सकेंगे। जैसा कि बीआईएस की ओर से बताया गया है कि 6 ग्रेड चांदी ज्वेलरी पर लागू होगा हालमार्क। उससे ऐसा अनुमान है कि 83.50, 80.00, 90.00,92.50,97.00 और 99.00 फीसदी शुद्धता का ग्रेड लागू होगा। वैसे तो चांदी में हॉलमार्क लागू है लेकिन यह नई प्रक्रिया अब जल्द ही लागू हो जाएगी। हॉलमार्क एक प्रमाणन चिंह है जो सोने और चांदी के गहनों की शुद्धता को प्रमाणित करता है। जो यह सुनिश्चित करता है कि उक्त गहने बीआईएस द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा करते हैं। जिसे आप कहीं पर भी आसानी से खरीदी-बिक्री कर सकते हैं।

## हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं बना मजाक, अब 'इसकी टोपी, उसका सिर' से चल रहा अभियान

# हेलमेट जुगाड़ में उलझ रहे बाइक सवार, किराए में 10 रुपए का हेलमेट लेकर डलवा रहे पेट्रोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सड़क हादसों को रोकने के लिए पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन द्वारा शुरू किया गया हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं अभियान अब मजाक बनता जा रहा है। यह अभियान अब ''इसकी टोपी, उसका सिर'' मुहावरे में बदल गया है। पेट्रोल पंपों पर पहुंच रहे करीब 80 प्रतिशत लोगों के पास खुद का हेलमेट नहीं होता, ऐसे में जो व्यक्ति हेलमेट लेकर आता है, कई लोग उसी का हेलमेट बारी-बारी से पहनकर पेट्रोल डलवा रहे हैं। अभियान का मकसद लोगों में हेलमेट पहनने की आदत डालना था, लेकिन हकीकत में यह सिर्फ पेट्रोल डलवाने की औपचारिकता बनकर रह गया है।

हरिभूमि की पड़ताल में शहर के दर्जनों पेट्रोल पंपों पर अलग-अलग स्थिति देखने को मिली। कुछ पंपों पर बिना हेलमेट पेट्रोल मिल रहा है, वहीं कुछ स्थानों पर सख्ती से हेलमेट पहनने पर ही पेट्रोल दिया जा रहा है। कई पंप संचालकों ने खुद ही हेलमेट रख दिए हैं, जिसे ग्राहक पहनकर पेट्रोल डलवा रहे हैं। इतना ही नहीं, कुछ पंपों के बाहर अब हेलमेट किराए पर देने की दुकानें भी सज गई हैं। ग्राहक 10 रुपए किराए पर हेलमेट लेकर पेट्रोल डलवा रहे हैं। इस वजह से अब पेट्रोल डलवाना भी लोगों के लिए 10 रुपए महंगा हो गया है।



### पेट्रोल डलाना हो गया महंगा

अभियान अब बाइक सवारों के लिए नया सिरदर्द बन गया है। जिनके पास हेलमेट नहीं है, उनके लिए पेट्रोल डलवाना न सिर्फ मुश्किल बल्कि महंगा भी हो गया है।जल्दबाजी में पेट्रोल भरवाकर निकलने वाले लोगों को अब पंप पर समय और पैसे दोनों खर्च करने पड़ रहे हैं। शहर के कई पंपों के बाहर 10 रुपए किराए में हेलमेट मिलने लगे हैं। लोग मजबूरी में इन्हें पहनकर पेट्रोल भरवा रहे हैं ताकि समय बच सके। नियम का मकसद लोगों को हेलमेट पहनने की आदत डालना था, लेकिन हकीकत में यह 'हेलमेट जुगाड़' और पेट्रोल महंगा अभियान बनकर रह गया है।



**केस 1**

### शंकर नगर पेट्रोल पंप

यहां रोजाना करीब हजार लोग पेट्रोल भरवाने पहुंचते हैं। पंप के बाहर ही लोगों को किराए पर हेलमेट दिया जा रहा है। लकड़ी के बॉक्स में दो हेलमेट रखे गए हैं, जिनका उपयोग बिना हेलमेट पहुंचे लोग बारी-बारी से कर रहे हैं। शहर में ऐसी स्थिति उन्हीं पेट्रोल पंपों पर बन रही है, जहां एक साथ बड़ी संख्या में लोग पेट्रोल डलवाने पहुंचते हैं।

**केस 2**

### जयस्तंभ चौक

यह पेट्रोल पंप हमेशा व्यस्त रहता है। एक समय में आधा दर्जन से ज्यादा लोग पेट्रोल भरवाने पहुंचते हैं। यहां पंप संचालक खुद ग्राहकों को हेलमेट उपलब्ध कराते हैं और उसे पहनाकर पेट्रोल भरने की अनुमति देते हैं। जिनके पास हेलमेट नहीं होता, उनके लिए यह सहूलियत बन गई है, लेकिन इससे 'हेलमेट जरूरी' का नियम पूरी तरह बेअसर हो चुका है।

**केस 3**

### पुजारी पार्क

इस पंप पर एक ही हेलमेट से सभी लोग पेट्रोल भरवा रहे हैं। शनिवार को यहां कुछ ग्राहकों को बिना हेलमेट के भी पेट्रोल लेते देखा गया, जबकि ज्यादातर लोग एक-दूसरे से हेलमेट मांगकर ही पेट्रोल डलवाते रहे। इस वजह से पेट्रोल भरवाने में औसतन 5 मिनट से ज्यादा का समय लग रहा था।

# पूर्व सीएम के बेटे की न्यायिक रिमांड 15 तक बढ़ाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- वीडियो कान्फ्रेंसिंग से हुई सुनवाई

करोड़ों रुपए के शराब घोटाला में आरोपी बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे चैतन्य बघेल की शनिवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग से सुनवाई हुई। सुनवाई में पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे की न्यायिक रिमांड की अवधि 15 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। मामले की सुनवाई ईडी की विशेष अदालत में हुई। 15 सितंबर को ईडी चैतन्य बघेल के खिलाफ कोर्ट में पूरक चालान पेश कर सकती है।

ईडी ने चैतन्य बघेल को 18 जुलाई को गिरफ्तार किया था। तब से वे जेल में बंद हैं। ईडी का आरोप है कि शराब घोटाले की रकम से चैतन्य को 16.70 करोड़ रुपए मिले। एजेंसी के दावों के मुताबिक शराब घोटाले से मिली ब्लैक मनी को चैतन्य ने रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में निवेश किया। रकम को व्हाइट दिखाने के लिए फर्जी निवेश दर्शाया गया। ईडी का दावा है कि सिंडिकेट के जरिए 1000 करोड़ रुपए से अधिक की हेराफेरी की गई है। ईडी ने बताया कि चैतन्य बघेल की कंपनी विट्ठल ग्रीन प्रोजेक्ट (बघेल डेवलपर्स) में भी घोटाले के पैसे का इस्तेमाल हुआ। इस प्रोजेक्ट के कंसल्टेंट राजेन्द्र जैन के मुताबिक प्रोजेक्ट पर असल खर्च 13 से 15 करोड़ था, लेकिन रिकार्ड में सिर्फ 7.14 करोड़ दर्शाए गए। इसके अलावा जब्त डिजिटल डिवाइस से खुलासा हुआ कि कंपनी ने एक ठेकेदार को 4.2 करोड़ नकद पेमेंट किया, जो आधिकारिक रिकार्ड में दर्ज नहीं है।

## 40 करोड़ की संपत्ति कुर्की के बाद मोक्षित की कार अटैच

रायपुर। रीएजेंट तथा उपकरण घोटाला में ईडी ने मोक्षित कार्पोरेशन की दो लक्जरी कार अटैच की है। इस बात की जानकारी ईडी ने एक्स में ट्विट कर दी है। दोनों गाड़ियां मोक्षित कॉर्पोरेशन के नाम पर रजिस्टर्ड हैं, जो शशांक चोपड़ा और उसके पिता शांतिलाल चोपड़ा की पार्टनरशिप फर्म है। शनिवार को ईडी ने बयान जारी कर बताया कि 28 अगस्त को दुर्ग में रीएजेंट प्रिक्योरमेंट स्कैम से जुड़े शशांक चोपड़ा और अन्य आरोपियों के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की गई थी। इसके बाद उनकी गाड़ियों को सीज किया गया।



कार अटैचमेंट की कार्रवाई के बाद माना जा रहा है कि जल्द ही हेल्थ सर्विसेज के अधिकारियों पर ईडी जल्द ही शिकंजा कसेगी। ईडी ने ईओडब्लू, एसीबी की एफआईआर के आधार पर मोक्षित कोर्पोरेशन में छापे की कार्रवाई की थी। एफआईआर में मोक्षित कॉर्पोरेशन के अलावा छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड और डायरेक्टरेट ऑफ हेल्थ सर्विसेज के अधिकारियों पर आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार का मामला दर्ज है। इसके पूर्व ईडी ने मोक्षित कार्पोरेशन की 40 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की है। तब टोयोटा तथा फॉर्च्यूनर जब्त की गई थीं। ईडी ने अभी पोर्शे तथा मर्सिडीज कार जब्त की है।

# चावल घोटाले के कारण हटाए गए थे खाद्य संचालनालय से अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- तीन साल के बचत चावल के स्टॉक में बड़ा खेल

खाद्य विभाग में 2021 से 2023 की अवधि में हुए 600 करोड़ के चावल घोटाले के लिए खाद्य संचालनालय के अतिरिक्त संचालक राजीव कुमार जायसवाल को जिम्मेदार मानते हुए खाद्य संचालनालय से हटाया गया है। यह जानकारी खाद्य संचालनालय की अपर संचालक नीलम एल्मा द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी को भेजे गए पत्र से हुई है।

छत्तीसगढ़ राज्य में हुए पीडीएस घोटाले के संबंध में 11 अगस्त 2024 को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिख कर घोटाले की जांच को प्रभावित करने वाले अधिकारी को हटाने की मांग की गई थी। खाद्य संचालनालय ने जनदर्शन में राकेश चौबे के पत्र के संबंध में जानकारी दी है कि राजीव कुमार जायसवाल को अतिरिक्त संचालक पद से हटाकर संयुक्त सचिव खाद्य मंत्रालय पदस्थ किया गया है। खुले बाजार से बोगस चावल खरीद कर राशन कार्ड धारियों को देने का है। राशन दुकानों में केवल नागरिक आपूर्ति निगम ही गुणवत्ता युक्त चावल भेजने के लिए अधिकृत है। मामले में यह बताया गया कि प्रदेश की कई राशन दुकानों में बचत चावल की अफरातफरी किए जाने के बाद मामले के संज्ञान में आने पर पीडीएस के दुकान संचालकों को नोटिस जारी किया गया।



### 10 जिलों में हुई कालाबाजारी

10 जिलों में 4,633,19 टन चावल, जिसकी बाजार में कीमत 128.09 करोड़ रुपए है, की कालाबाजारी की गई। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय कोरबा जिला भ्रष्ट्राचार का गढ़ रहा था। पीडीएस चावल बचत घोटाले में भी राज्य में पहले नंबर पर रहा। 16.59 करोड़ के मूल्य का 4669.56 टन चावल कालाबजारी में चला गया। ये गड़बड़ी 298 राशन दुकानों द्वारा की गई, जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। 50 राशन दुकान निलंबित हुई, 31 निरस्त हुई। सिर्फ 31 दुकानों को राजस्व वसूली का नोटिस जारी हुआ। जिन 298 राशन दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी हुआ, उनमें से केवल 112 के विरुद्ध कार्रवाई हुई।

### समिति के समक्ष आई जानकारी

जांच समिति मामले के जांच कर रही है। विभाग से इस संबंध में जानकारी चाही गई कि आखिर बचत स्टॉक की जानकारी देने वाले घोषणा पत्र को किसके द्वारा पोर्टल से हटा दिया गया। मामले में खाद्य संचालक ने प्रदेश के खाद्य निरीक्षकों को नोटिस जारी किया है। मामले में विभाग ने स्वयं स्वीकार किया है कि मामले में ऊपर स्तर के अफसर शामिल हैं। जांच समिति के समक्ष यह जानकारी आई है। अब मामले में सभी तथ्यों को खंगाला जा रहा है।

ड्रग मामले में गिरफ्तार आरोपी 15 सितंबर तक न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल

# एमडीएमए मामले में विधि के साथ नव्या पार्टी अटैंड करने विदेश जाती रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- इंटीरियर, इवेंट के नाम पर नव्या, विधि क्लाइंट के साथ अक्सर विदेश जाती रही हैं

एमडीएमए ड्रग मामले में गिरफ्तार नव्या मलिक, ऋषि राज टंडन के साथ जेल से पूछताछ करने रिमांड पर लिए गए हर्ष आहूजा, मोनू विश्नोई को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सभी आरोपियों को 15 सितंबर तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया। आरोपियों से पूछताछ में पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। आरोपियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस की एक स्पेशल टीम जांच कर रही है। आरोपियों के बयान के आधार पर पुलिस आने वाले दिनों में ड्रग रैकेट से जुड़े पैडलर के साथ ड्रग आपूर्ति करने वालों को गिरफ्तार करेगी।

पुलिस जांच में जो बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक नव्या, विधि तथा ऋषि राज कई बार विदेश यात्रा कर चुके हैं। आरेपियों ने किस उद्देश्य से विदेश यात्रा की है, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। नव्या, विधि तथा ऋषि राज ने विदेश यात्रा का कारण कारोबार से होना बताया है। विदेश यात्रा को लेकर आरोपियों ने जो कारण बताया है, पुलिस उस पर शंका व्यक्त कर रही है। पुलिस को आरोपियों के इंटरनेशनल ड्रग रैकेट से जुड़े होने की आशंका है।


ड्रग कारोबार करने नव्या जिस मोबाइल का इस्तेमाल करती थी, वह पुलिस के हाथ लगा
मेंबर बनाने भराए जाते थे ऑनलाइन फार्म
दुबई, सिंगापुर की पार्टियों में शरीक रही नव्या

### नेता पुत्र के साथ तुर्किए की सैर

राजधानी के एक नेता का बेटा जो पेशे से कारोबारी है, उसके साथ नव्या मलिक के तुर्किए जाने की जानकारी मिली है। नेता पुत्र के साथ नव्या किस उद्देश्य से तुर्किए गई थी, इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है। नव्या के नेता पुत्र के साथ कई बार विदेश जाने की जानकारी मिली है। ड्रग मामले में कई हाई प्रोफाइल लोगों के नाम सामने आ रहे हैं। इस वजह से पुलिस पर दबाव बनाए जाने की जानकारी मिली है।

### सबका काम बंटा हुआ था

पुलिस के अनुसार ड्रग रैकेट से जुड़े सभी लोगों का काम बंटा हुआ था। ऋषि राज पेशे से ई-वेस्ट मैनेजमेंट का काम करता था। वह ज्यादातर समय मुंबई में रहता था। बताया जा रहा है, मुंबई में रहने के दौरान ऋषि राज नव्या के संपर्क में आया। पुलिस ने ऋषि राज को मुंबई से गिरफ्तार किया है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक हर्ष विधि तथा नव्या को ड्रग कस्टमर के मोबाइल नंबर उपलब्ध कराता था।

### क्राइम के साथ ईओडब्लू, एसीबी शामिल

ड्रग मामले को आईजी अमरेश मिश्रा ने गंभीरता से लेते हुए ड्रग नेटवर्क से जुड़े लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने के निर्देश देने के साथ उनकी गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक ड्रग मामले की जांच में क्राइम के साथ ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम को भी शामिल किया गया है। ड्रग रैकेट से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी के लिए क्राइम के साथ ईओडब्लू तथा एसीबी की संयुक्त टीम के दूसरे प्रदेशों में छापा मारने जाने की जानकारी मिली है।

## पेज 11 के शेष ...

### शव रखने जगह...

धूप और बारिश के समय वहां सिर छिपाने की जगह नहीं है, न ही लोगों के बैठने के लिए सुरक्षित शेड। बड़ी मुश्किल से लोग वहां अंतिम क्रिया कर घर लौटते हैं, जबकि इस मुक्तिधाम का उपयोग सोनडोंगरी बस्ती, नया बाल्मिकी आवास, अटल आवास, बीएसयूपी कालोनी, शिव शक्ति कालोनी, जय भीम कालोनी, अवध पारा, एकता कालोनी, पुराना बीएसयूपी सोनडोंगरी, नया बीएसयूपी कालोनी, मीडिया कालोनी के लोग अंतिम संस्कार के समय करते हैं। दरअसल, जीवनभर रोटी-कपड़ा और मकान की जद्दोजहद में जुटे लोगों को शहर के आउटर के वार्ड में नगर निगम सुविधा युक्त मुक्तिधाम की व्यवस्था नहीं कर पाया यहै।

हालत ये है कि आखिरी समय में अब इंसान को साफ-सुथरी दो गज जमीन भी नसीब नहीं हो पा रही है। नगर निगम जोन 8 के पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड के सोनडोंगरी का मुक्तिधाम का कमोबेश यही हाल है। यहां पर सौंदर्यीकरण तो दूर, मुक्तिधाम में जंगल झाड़ी की तरह उग आए झाड़ और घासफूस को साफ नहीं कराया गया है। दलदल जमीन उबड़ खाबड़ होने के साथ मुक्तिधाम से आसपास घुटनाभर पानी भरा हुआ है। यहां गंदे पानी के निकास की व्यवस्था भी नहीं है।

वार्ड पार्षद भगतराम हरवंश ने बताया कि शुक्रवार को सोनडोंगरी की एक महिला का निधन होने पर उसके परिजन मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए ले गए, तो वहां देखा कि शव रखने के लिए सुरक्षित जगह तक नहीं है। कीचड़ और बारिश का गंदा पानी चारों ओर भरा होने से अंतिम यात्रा में शामिल होने पहुंचे लोगों के लिए पैर रखने साफ-सुथरी जगह तक नहीं है। मैंने खुद निगम आयुक्त विश्वदीप और जोन 8 के आयुक्त राजेश्वरी पटेल को मुक्तिधाम की दुर्दशा की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए आग्रह किया। तीन माह से निगम मुख्यालय में मुक्तिधाम की मरम्मत और आवश्यक सुविधा वाली फाइल डंप है। जोन वाले ध्यान नहीं दे रहे और न ही निगम मुख्यालय के अधिकारी को इसकी चिंता है। लोगों की परेशानी को देखते हुए मैंने सप्ताह पहले निगम की जेसीबी मशीन ले जाकर उबड़ खाबड़ जमीन को समतल करने का प्रयास किया, पर मशीन फंस जाने से मुक्तिधाम वाली जगह समतल नहीं हो पाई।

### दर्जनभर घटिया दवाओं...

तो किए जा रहे हैं, मगर अब तक किसी कंपनी को ब्लैक लिस्टेड अथवा फाइन जैसी कार्रवाई नहीं की गई है। शुक्रवार को सैंपलों की रिपोर्ट अमानक आने पर एल्बेंडाजोल की सप्लायर कंपनी को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। इस तरह की कार्रवाई जुलाई में मिर्गी का झटका रोकने वाली दवा के असरहीन होने के संदेह में किया गया था और नोटिस के बाद मामला आगे नहीं बढ़ा। शिकायत दर्जनभर के करीब दवाओं और उपकरणों के मिल चुकी है, मगर नोटिस केवल दो को दिया जाना दवा कार्पोरेशन की कार्यप्रणाली को संदेह में रखता है।

### टेरर फंडिंग मामले में...

बाद राजू खान फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने वर्ष 2021 में पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया। खमतराई थाने में दर्ज एफआईआर के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की थी। एफआईआर में धीरज साहू और अन्य पर गैरकानूनी गतिविधि के तहत मामला दर्ज हुआ था। आरोप था कि भारत में कुछ अज्ञात व्यक्तियों से पैसा पाकिस्तान के किसी खालिद नाम के व्यक्ति के निर्देश पर बैंक खातों में जमा होता था। फिर यह रकम सिमी तथा इंडियन मुजाहिदीन से जुड़े जुबैर हुसैन, आयशा बानो और राजू खान तथा अन्य लोगों तक पहुंचाई जाती थी। **अब तक नौ लाख से ज्यादा की संपत्ति अटैच** : टेरर फंडिग मामले में ईडी ने अब तक कुल 9 लाख 15 हजार 836 रुपए की चल-अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया है। जांच एजेंसी के मुताबिक, यह रकम आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए प्राप्त अवैध आय है। राजू ने वर्ष 2023 में हाईकोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

### आज 12.57 पर सूतक...

उचित नहीं है। इसीलिए सूतक लगने से पहले नियम अनुसार गणपति प्रतिमा का विसर्जन कर दिया जाए। चंद्रगहण में 7 सितंबर रविवार को दोपहर 12.57 मिनट पर सूतक लग रहा है, क्योंकि चंद्रग्रहण रात्रि 9 बजकर 57 में स्पर्श तथा मोक्ष रात्रि 1 बजकर 26 मिनट पर होगा। इसीलिए गणपति प्रतिमा का विसर्जन रविवार को दोपहर 12 बजे तक कर दिया जाए।

# नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन

रायपुर। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ की बैठक रविवार को राजधानी में आयोजित हुई। इसमें दूरदराज के अंचलों से पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। महासंघ ने अपनी नई प्रदेश कार्यकरिणी का गठन कर दिया है। इस मौके पर पदाधिकारियों द्वारा सर्व सम्मति से खेमूलाल निषाद को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। बैठक में बस्तर, सरगुजा, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, बीजापुर, जगदलपुर, दंतेवाड़ा, अंबिकापुर, जशपुर, सूरजपुर बलरामपुर, रायपुर दुर्ग बिलासपुर राजनांदगांव कवर्धा बालोद धमतरी महासमुंद डोंगरगढ़, सहित अन्य जिलों के पदाधिकारी बैठक में उपस्थित हुए।

प्रदेश कारिणी में कार्यकारी अध्यक्ष- संजय एडे, शक्लि वेल, सौरभ यादव, प्रदेश महासचिव - शरदराम पोया, प्रदेश उपाध्यक्ष- देवेंद्र ध्रुव ,अजय मेश्राम, मुमताज खान, प्रदेश संयुक्त सचिव- राहुल मेढ़े प्रदेश प्रवक्ता- हिमांशु यदु, प्रदेश कोषाध्यक्ष - महेश श्रीवास्तव व तामेश साहू, प्रदेश सह-सचिव- नरेंद्र साहू, प्रदेश संभाग अध्यक्ष- रायपुर - हीरालाल चौहान, दुर्ग - राहुल मेढ़े, बिलासपुर-कौशलेन्द्र राणा, सरगुजा - शैलेश उपगड़े, प्रदेश मिडिया प्रभारी - दिनेश कश्यप, संजय लहरे, ओम बंजारे रूस्तम, संगठन मंत्री- सुंदर नेताम, चंद्रप्रकाश साहू, मनोज कोसरे संदीप पोया, सचिन दीपक, चंद्रशेखर साहू, विधिक सलाहकार - अजीत कसार को चुना गया।



गठन के बाद महासंघ की नवीन प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरकार को अपनी मांग प्रमुख रूप से नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकाय से सीधे न्यूनतम 21,000 वेतन भुगतान तथा 10-15 वर्षो से कार्यरत कर्मचारियों को स्थायीकरण/ नियमितिकरण की मांगों को रखी गई।

## गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे गूंजे

# अनंत चतुर्दशी पर गणपति विसर्जन के लिए उमड़े श्रद्धालु देर शाम तक 2,230 छोटी और 513 बड़ी मूर्तियां विसर्जित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार को अनंत चतुर्दशी के पर्व पर सुबह से ही खारुन नदी के पास बने विसर्जन कुंड में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। देर शाम तक विसर्जन कुंड में 2230 छोटी और 513 बड़ी गणेश मूर्तियों का विसर्जन किया गया। इस मौके पर बप्पा के जयकारों के साथ भक्तों ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। बच्चों के साथ महिलाएं और युवा अपने-अपने साधनों से गणपति की मूर्ति लेकर स्थल पर पहुंचे। इससे सुबह से लेकर देर शाम तक विसर्जन कुंड स्थल पर खासी रौनक देखने को मिली। वहीं शहर के बूढ़ातालाब, तेलीबांधा तालाब सहित विभिन्न तालाबों के पास श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर निगम द्वारा अस्थायी विसर्जन कुंड की व्यवस्था की गई। वहां अपनी सुविधा अनुसार लोग घरों व दुकानों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए लेकर आए। इन प्रतिमाओं को नगर निगम के वाहनों के माध्यम से निगम कर्मचारी महादेवघाट के विसर्जन कुंड स्थल लेकर गए, जहां गोताखोरों ने मूर्ति विसर्जन कराया। राजधानी में हर्ष उल्लास के साथ चल रहे गणेशोत्सव का समापन शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर्व से शहर में अलग-अलग जगहों पर स्थापित छोटी-बड़ी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ शुरू हो गया। यह सिलसिला मंगलवार दोपहर तक चलेगा।

- महापौर मीनल चौबे घर पर स्थापित गणपति विसर्जन के लिए पहुंचीं विसर्जन कुंड



### बूढ़ापारा में राउत नाचा की थीम पर पारंपरिक गीतों के साथ विदाई

राजधानी के बूढ़ापारा में राउत नाचा की थीम पर ढोल, मंजीरों के साथ गणपति बप्पा को पारंपरिक गीतों के बीच विदाई दी गई। वहीं पुरानी बस्ती, डगनिया, भाठागांव, रायपुरा, सुंदरनगर, लाखेनगर में भी गणपति प्रतिमा का विसर्जन करने बाजे-गाजे के साथ जयकारे लगाते श्रद्धालु गुलाल उड़ाते सड़क पर निकले। तात्यापारा चौक में गणपति बप्पा के धूमकेतु अवतार को लेकर विसर्जन में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

### महापौर मीनल ने निवास में बैठाई गणेश प्रतिमा का महादेवघाट कुंड में विसर्जन किया

महापौर मीनल चौबे ने रविवार को अपने निवास पर स्थापित गणपति प्रतिमा का महादेवघाट के विसर्जन कुंड में पूजा-अर्चना कर विसर्जन किया। विसर्जन से पहले महापौर ने अपने पति व पूर्व पार्षद छगन चौबे तथा परिजनों के साथ गणेश जी की पूजा अर्चना की। महापौर मीनल चौबे ने विसर्जन स्थल पर डयूटी पर मौजूद जोन 1 के कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता डीके पैकरा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमराज देवांगन सहित अन्य जोन अधिकारियों व कर्मचारियों से विसर्जन संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही नगरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की है।

## 179 व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ कैट की जंबो कार्यकारिणी घोषित

रायपुर। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के छत्तीसगढ़ चेप्टर इकाई ने 179 व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ आगामी दो वर्षो के लिए अपनी जंबो प्रदेश कार्यकारिणी गठित कर दी है। इसमें चैंबर में निर्वाचित उपाध्यक्ष शंकर बजाज कैट के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए हैं। प्रदेश सलाहकार के रूप में उमेश सिरोथिया, संजय चौबे, शरद अग्रवाल, पवन वाधवा और प्रदेश वाइस चेयरमैन जीवत बजाज को बनाया गया है। इसी तरह प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु माखीजा, भरत जैन, राकेश ओछवानी, शंकर बजाज को जिम्मेदारी दी गई है।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया, कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद चांदनी चौक, नई दिल्ली प्रवीण खंडेलवाल, राष्ट्रीय चेयरमैन बृजमोहन अग्रवाल एवं राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन की अनुशंसा पर अहम जिम्मेदारी दी गई।

### कैट छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी इस प्रकार

**प्रदेश सलाहकार** :- उमेश सिरोथिया, संजय चौबे, शरद अग्रवाल, पवन वाधवा।

**प्रदेश वाईस चेयरमैन** :- जीवत बजाज।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष :- राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु माखीजा, भरत जैन, राकेश ओछवानी, शंकर बजाज।

प्रदेश समन्यवक, अवनीत सिंह,प्रदेश कार्यकारी महासचिव -जय नानवानी, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष, राजेंद्र खटवानी,आईटी सेल प्रभारी दीपक विधानी,प्रदेश कार्यालय प्रभारी नरेश गंगवानी, एमएसएमई प्रभारी मोहम्मद



अली हिरानी, प्रदेश संपादक सतीश श्रीवास्तव,पर्यावरण संयोजक मोहन वल्यानी,प्रदेश संस्कृति मंत्री तेजेश मुखर्जी,संगठन मंत्री अजय तनवानी, कन्हैया गुप्ता,अमर धिंगानी।

**प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष** :- जयराम कुकरेजा, कैलाश खेमानी, राजू सलूजा, सुनील धुप्पड़, बलराम आहूजा, राजेंद्र जैन, संजय जादवानी, महेश खिलोसिया, महेश जेठानी, नरेश कुमार पाटनी, प्रीतपाल सिंह बग्गा, नीलेश मूंदड़ा, मनोज कुमार जैन, पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा, टी. श्रीनिवास रेड्डी, नीलेश सेठ, भगवान रेलवानी, कमल लाहेजा, संजय अमरानी, अशोक छेतिजा, विक्रम केवलानी, सतीश छुगानी, विजय जादवानी, रामकुमार शुक्ला, चरणजीत सिंह ओबराय, मनीष दुबे, सूरज उपाध्याय, प्रहलाद शादीजा, विजय शर्मा, राजकुमार अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, विजय मंगवानी, सुशील सराफ, आकाश आहुजा।

**प्रदेश उपाध्यक्ष** - तनेश आहूजा, संजय जयसिंह, अजंत अग्रवाल, हीरा माखीजा, नागेंद्र कुमार तिवारी, जीतेन्द्र गोलछा, दिनेश पटेल, राजेश माखीजा, जनक वाधवानी, लोकेश साहू, प्रशांत गुप्ता,मनोज बागड़ी, सुनील कुमार मनशानी, दीपचंद कोटड़िया, महावीर मालू, गोविंद चिमनानी, महेश प्रसाद राय,नाथूलाल धनवानी, बी.के. सिंह, अनूप वाधवानी, विनोद कुमार साहू, अनिल तुलयानी, अनिल केवलानी, हितेश रायचूरा, मनोज कुमार अग्रवाल, गोविंद माहेश्वरी, रजत छाबड़ा, विजय जैन, विनोद तिवारी, विकास तिवारी, विजय जीवन, प्रशांत देशकर, रमेश ठाकुर, मोहन होतवानी, गौरव मंधानी, हेमराज कृपलानी, नानक तनवानी, सुशील धारिया, घनश्याम होतवानी, संजय जैन, कन्हैया अग्रवाल, पी.एल. डागा, विजय बटेजा शामिल हैं।






### एनएचए की 2 साल पुरानी अनुशंसा लागू करने पत्र

# आयुष्मान योजना की 7 साल पुरानी दरों में बढ़ोतरी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में वर्ष 2018 से लागू दर में बढ़ोतरी की मांग एक बार फिर उठने लगी है। इसके लिए नेशनल हेल्थ अथॉरिटी (एनएचए) द्वारा 2 साल पहले की गई अनुशंसा को लागू करने की मांग की गई है। एसोसिएशन ऑफ हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स इंडिया ने राज्य और जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति कार्यप्रणाली में भी सुधार की आवश्यकता बताई है। हवाला दिया गया है कि दोनों समितियों ने वर्ष 2023 के लंबित प्रकरणों का निपटारा नहीं किया है।

- शिकायत निवारण समिति की कार्यप्रणाली भी सुधारने की मांग, 2023 के लंबित मामलों का निपटारा अब तक नहीं

एएचपीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया को दो अलग अलग पत्र लिख कर आयुष्मान योजना की पैकेज दरों में बढ़ोतरी और इस योजना में आ रही अन्य दिक्कतों के समाधान के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। पत्रों की प्रतिलिपि एनएचए के सीईओ वी. हेकाली ज़हिमोमि एवं छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य सेवा आयुक्त एवं आयुष्मान योजना की सीईओ डॉ. प्रियंका शुक्ला को भी भेजा है। डॉ. गुप्ता ने पत्र में बताया है कि 2022 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण से इस योजना के अंतर्गत कई प्रक्रियाओं की पैकेज दरों में वृद्धि करने की अनुशंसा की गई थी, जिसे आज तक लागू नहीं किया गया है। इस वजह से अस्पतालों को 2018 में तय दरों के तहत काम करने के लिए मजबूर होना पड़ा है, जबकि चिकित्सा मुद्रास्फीति प्रति वर्ष लगभग 12 से 14 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी बताया कि डीजीआरसी और एसजीआरसी के समक्ष 2023 से लंबित मामलों का निपटारा 31 मार्च 2025 तक भारत सरकार को दावों के क्लोज़र के लिए लेखा परीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करने से पहले नहीं किया गया है। उनकी बैठकें भी प्रति माह नहीं होतीं। डॉ. गुप्ता ने स्वास्थ्य सचिव से अनुरोध किया है कि आयुष्मान योजना की पैकेज दरों में वृद्धि के लिए 2022 में दी गई एनएचए की अनुशंसाओं के साथ वृद्धि में तीन वर्ष तक की अतिरिक्त मुद्रास्फीति को भी शामिल करके नई दरों को अंतिम रूप देकर लागू किया जाना चाहिए।




## बिजनेस साइट

### एआईआईटीए रायपुर का 'टीचर कैपेसिटी बिल्डिंग' वर्कशॉप आज

रायपुर। ऑल इंडिया आइडल टीचर एसोसिएशन (एआईआईटीए) रायपुर के तत्वावधान में 'टीचर कैपेसिटी बिल्डिंग' वर्कशॉप का आयोजन आज अल-फलह टॉवर बैरन बाजार में किया जा रहा है। कार्यक्रम का समय सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को पेशेवर दक्षताओं, नैतिक मूल्यों एवं व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं में सशक्त बनाना है, ताकि वे शिक्षा के साथ-साथ समाज निर्माण में भी प्रभावशाली भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर एआईआईटीए के सेंट्रल सेक्रेटरी खालिद इकबाल साहब, मोटिवेशनल स्पीकर असलम फिरोज साहब, सफिया अंजुम साहिबा और अन्य गणमान्य उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला में शिक्षकों की भूमिका, कक्षा का नैतिक वातावरण, और नई पीढ़ी के समग्र विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद व विचार-विमर्श किया जाएगा।

AIITA

### 'एटी गणेश झांकी अवार्ड 2025' का भव्य आयोजन कल

रायपुर। शहर की प्रतिष्ठित ज्वेलरी संस्था अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स द्वारा इस वर्ष गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर 'एटी गणेश झांकी अवार्ड 2025' का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य कार्यक्रम 8 सितंबर को कोतवाली चौक में आयोजित किया जाएगा। एटी ज्वेलर्स के संचालक तिलोकचंद बरड़िया ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से शहर की सभी गणेशोत्सव समितियों को एक मंच पर लाकर उनकी झांकियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि गणेश चतुर्थी के खास अवसर पर ग्राहकों के लिए एक विशेष ऑफर भी लाया गया है - 'जितना सोना, उतनी चांदी'। यह ऑफर 8 सितंबर तक वैध रहेगा। प्रतियोगिता में पहले स्थान पर आने वाली झांकी को गोल्ड ट्रॉफी के साथ 31,000 रुपए नकद इनाम मिलेगा। दूसरे स्थान पर आने वाली झांकी को ब्रांच ट्रॉफी के साथ 21,000 रुपए, वहीं तीसरे स्थान पर आने वाली झांकी को सिल्वर ट्रॉफी के साथ 11,000 रुपए नकद इनाम दिया जाएगा। इसमें भाग लेने के लिए सभी गणेशोत्सव समितियों को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और भाग लेने वाली सभी समितियों को एक सिल्वर मोमेंटो भी दिया जाएगा।

Symbol of Trust
at
Since 1957

### वैश्विक व्यापार व निर्यात प्रोत्साहन पर सीआईआई का संवाद सत्र सम्पन्न




रायपुर। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), छत्तीसगढ़ राज्य परिषद द्वारा 'वैश्विक व्यापार के द्वारः निर्यात प्रोत्साहन एवं आईसीडी विकास' विषय पर रायपुर में संवाद सत्र आयोजित किया गया। इसमें 140 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग विशेषज्ञ और लॉजिस्टिक्स प्रतिनिधि शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सीआईआई के अध्यक्ष संजय जैन ने किया, जिन्होंने छत्तीसगढ़ की वैश्विक व्यापार में भूमिका पर विचार रखे। डॉ. सौगात मुखर्जी ने सीआईआई की मार्केट फैसिलिटेशन सर्विसेज का विवरण साझा किया, जो 20+ देशों में 50+ उत्पादों को समर्थन दे चुकी है। मुख्य वक्ता अमित चौधरी ने आईसीडी विकास व निर्यात प्रोत्साहनों पर प्रकाश डाला। ईवाय के विमल पुरथि ने अमेरिकी टैरिफ का विश्लेषण किया, जबकि भावेश मित्तल ने जीएसटी 2.0 के प्रभाव बताए।

### शिक्षक दिवस पर मॉडल इंग्लिश स्कूल में विशेष कार्यक्रम



रायपुर। शिक्षक दिवस के अवसर पर मॉडल इंग्लिश स्कूल में भव्य शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उस्मानी एजुकेशनल सोसायटी के अंतर्गत संचालित सभी संस्थाओं रॉयल पब्लिक स्कूल, ब्राइट किड्स अकादमी, एमए के कॉलेज ऑफ फार्मेसी के गुरुओं का सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भाषण तथा विशेष सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

### श्री नारायणा हॉस्पिटल का 'रायपुर ऑर्थो ट्रॉमा समिट-2025' आज

रायपुर। देवेंद्र नगर स्थित श्री नारायणा हॉस्पिटल द्वारा एक दिवसीय राज्य स्तरीय 'रायपुर ऑर्थो ट्रॉमा समिट-2025' का आयोजन आज होटल बेबीलॉन कैपिटल में किया जा रहा है। समिट की थीम 'फ्रैक्चर टू फंक्शन- ब्रीजिंग गैप्स इन ट्रॉमा मैनेजमेंट' रखी गई है। हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुनील खेमका ने जानकारी दी कि इस आयोजन में छत्तीसगढ़ सहित आसपास के राज्यों से 200 से अधिक ऑर्थोपेडिक ट्रॉमा सर्जन भाग लेंगे। देशभर के प्रसिद्ध विशेषज्ञ जैसे डॉ. डीडी तन्ना, डॉ. असीम नेगी, डॉ. सुश्रुत बाभुलकर सहित अन्य विशेषज्ञ जटिल ट्रॉमा मामलों पर केस डिस्कशन करेंगे। सम्मेलन में 25 से अधिक व्याख्यान, लाइव केस प्रेजेंटेशन और 40 से अधिक स्टेट फैकल्टीज द्वारा पेपर प्रेजेंटेशन किए जाएंगे। यह समिट चिकित्सा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मंच सिद्ध होगा।



### 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत वृक्षारोपण और हाईमास्क सोलर लाइट्स का लोकार्पण



रायपुर। रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा माता कौशल्या विहार सेक्टर-9 में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राधिकरण अध्यक्ष नंदकुमार साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश छिकारा, पार्षद मनोज जांगड़े, विनय प्रताप सिंह व अन्य गणमान्य उपस्थित थे। इस दौरान महुआ, बहेड़ा, रीठा, आंवला, सागौन, कटहल, अमरूद जैसे देशी प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम उपरांत तीन मुख्य चौराहों पर 16 लाख की लागत से स्थापित हाईमास्क सोलर लाइट्स का लोकार्पण भी किया गया। ये सोलर लाइट्स स्वचालित प्रणाली से संचालित हैं, जो अंधेरा होते ही जल उठती हैं और सुबह रोशनी होते ही बंद हो जाती हैं। इस अवसर पर प्राधिकरण के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने शिक्षकों को किया सम्मानित




रायपुर। शिक्षक दिवस समारोह के उपलक्ष्य में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने राजपुर के शासकीय डीबी गर्ल्स पीजी (स्वायत्त) कॉलेज के गुरुजनों का सम्मान किया। बैंक की ओर से अर्चना वाल्दे (मुख्य प्रबंधक), विमल नायर (वरिष्ठ प्रबंधक-पीआर), संदीप प्रसाद (वरिष्ठ प्रबंधक) और देवेंद्र नाग (वरिष्ठ प्रबंधक) शामिल थे, जिन्होंने प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल और बड़ी संख्या में शिक्षकों का सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज समुदाय को बैंक की विभिन्न योजनाओं, जैसे कि सेंट क्वीन, सेंट गृह लक्ष्मी, सेंट ईजी और सेंट व्हीकल से भी परिचित कराया।


SALE सुराना भवन छोटापारा रोड, रायपुर में
50 से अधिक ब्रांड्स के मेन्स, किड्स एवं गर्ल्स वियर, ऐसेसरीज, टॉयज, क्रॉकरी, गृह उपयोगी सामान, लगेज, बैग एवं हैण्डलूम आयटम बेडशीट, टॉवेल, पैरदान सम्पूर्ण पारिवारिक वस्त्र अविश्वसनीय रेट पर...
आज का स्पेशल ऑफर
बाजार मूल्य ₹299 से ₹599 प्रति पीस वाली

ब्रांडेड गर्ल्स टॉप
3 पीस ₹199 में
साईज उपलब्धतानुसार ऑफर स्टॉक रहने तक
₹2999 की खरीदी पर पायें
प्रीमियम क्वालिटी ब्रांडेड लेपटॉप बैग


ऑफर सीमित समय के लिये...
ऑफर निर्धारित राशि की खरीदी पर...
*condition apply
शुभम सेलगढ़ पारिवारिक खुशियों का गढ़
एच.पी. गैस के सामने छोटापारा
सुराना भवन, रायपुर

हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 7 सितंबर 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



गणपति बप्पा की दिव्य प्रतिमा की दस दिनों तक पूजा-अर्चना करने के बाद शुक्रवार को लोगों ने नम आंखों से विदाई दी। शहर के ज्यादातर पंडालों में दोपहर से शाम तक हवन-पूजन का क्रम चलता रहा। घर में विराजे गणेशजी का अंतिम दिन सुबह विधि-विधान से पूजन किया गया। भक्तों ने मत्था टेककर गणपतिजी का आशीष प्राप्त किया, लेकिन जब विदाई की बेला आई तो हर किसी की आंखें नम हो गईं।

## शहर में विराजे गणपति



श्री तिरुपति बालाजी गणेशोत्सव समिति



श्री महाकाल परिवार, अमलीडीह



बाल गणेश उत्सव समिति लोधीपारा



बाल गणेश गणेशोत्सव समिति सेजबहार



जय श्री महाकाल गणेशोत्सव समिति, सोनकर बाड़ी, कुशालपुर



श्री महाकाल मित्र मंडल परिवार, नयापारा सदर बाजार



उत्कर्ष गणेशत्सव समिति महादेवा नगर चंगोराभाठा

### गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ.., देर रात तक महादेवघाट पहुंचतीं रहीं प्रतिमाएं

# विसर्जन के पहले बच्चों ने मांगी गलतियों की माफी लगाई उठक-बैठक, नम आंखों से गजानन को दी विदाई

**रायपुर।** भक्तों ने 'गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ' के उद्घोष के बीच विघ्न विनाशक की प्रतिमा को गाड़ी में रखकर ढोल और डीजे की धुन पर थिरकते हुए महादेवघाट पहुंचे, जहां नाव में बिठाकर प्रतिमा को बीच धारा में प्रवाहित किया गया। इस दौरान वहां मौजूद छोटे बच्चे अपने आंसू नहीं रोक सके। महादेवघाट में दिनभर लोग कृत्रिम कुंड व घाट में प्रतिमा विसर्जन करने पहुंचते रहे। विभिन्न समितियां बप्पा की मूर्तियों को गाजे-बाजे के साथ विसर्जन स्थल तक ले गईं। रास्ते में श्रद्धालुओं में खूब गुलाल उड़ाया और पटाखे भी फोड़े। विसर्जन से पहले पूजन कर लड्डू, मोदक का भोग लगाकर आरती की गई।

### दिनभर वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज

दिनभर पंडालों और घरों में हवन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज सुनाई देती रही। ज्यादातर श्रद्धालु दोपहर हवन के बाद सूर्य ढलने से पहले प्रतिमा विसर्जित करने घाट व तालाब पहुंचे। हवन और विसर्जन के दौरान भक्तों ने भगवान से अगले वर्ष जल्दी आने का अनुरोध किया। निगम निगम द्वारा सभी जोन में भगवान गणेश की छोटी प्रतिमा विसर्जित करने के लिए कुंड बनाए गए हैं। घरों व कॉलोनी में विराजे गणेशजी की छोटी प्रतिमा को कुंड में विधिवत विसर्जित किया गया।



### महाआरती में देवी-देवताओं की आराधना

ज्यादातर पंडालों में हवन के बाद महाआरती हुई, जिसमें भगवान गणेश के साथ भोलेनाथ और माता पार्वती समेत मां दुर्गा समेत अन्य देवी-देवताओं की आरती की गई। शाम 7 बजे के बाद विभिन्न समितियों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण की। इसके अलावा शहर के प्राचीन गणेश मंदिरों में सुबह-शाम आरती के साथ धार्मिक अनुष्ठान भी हुए। इसमें भजन, कीर्तन व सुंदरकांड का पाठ शामिल रहा।









### पूजन, हवन और प्रतिमा विसर्जन





हरिभूमि-आईएनएच न्यूज कार्यालय में भगवान गणेश की प्रतिमा का विधि-विधान से पूजन किया गया। इस अवसर पर संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह, आईएनएच के नेशनल ब्यूरो हेड शैलेश पांडेय तथा सहयोगियों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से पूजा में सहभागिता निभाई। पूजन उपरांत हवन अनुष्ठान संपन्न हुआ, जिसमें सुख-समृद्धि एवं मंगलकामनाओं के लिए आहुतियां अर्पित की गईं। अनुष्ठान के बाद गणपति बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। सभी ने मिलकर प्रार्थना की, गणपति बप्पा मोरयाअगले बरस तू जल्दी आ।



### विदाई पर बच्चे हुए मायूस

महादेवघाट में गणपति बप्पा को विदाई देने के दौरान बच्चे मायूस नजर आए। बच्चों ने प्रतिमा को गले लगाया और उसके बाद जब बप्पा की प्रतिमा को विसर्जित करने की बारी आई तो बच्चों की आंखें नम हो गईं। बच्चों ने बप्पा से अगले वर्ष जल्दी आने का अनुरोध किया। सुबह से शाम तक महादेवघाट में 20 हजार से अधिक छोटी प्रतिमाएं विसर्जन के लिए लाई गईं। बड़ी प्रतिमाओं के लिए क्रेन की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस दल व निगम अमले की टीमों को तैनात किया गया है।









### पावस प्रसंग के समापन समारोह में शास्त्रीय कलाओं की मनमोहक प्रस्तुति

# श्रीकृष्ण की नटखट लीलाओं से सजी नृत्य नाटिका कथक के भाव-ताल में जीवंत हुआ वृंदावन

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन, संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित 'पावस प्रसंग' के समापन समारोह में शनिवार को भारतीय संस्कृति की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और शास्त्रीय कलाओं की सुंदर प्रस्तुति देखने को मिली। समारोह में वर्षा ऋतु की सुंदरता को शास्त्रीय गायन के माध्यम से जीवंत रूप से प्रस्तुत किया गया, वही कथक और भरतनाट्यम की प्रस्तुति में भाव और ताल का अद्भुत संगम देखने को मिला।





### आत्मा-परमात्मा का संगम और राधा-कृष्ण की प्रेमलीला

कार्यक्रम में नृत्यांगना दिशा वर्मा ने अष्टपदी पर आधारित भरतनाट्यम नृत्य नाटिका ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। आठ पदों की इस सुंदर रचना में आत्मा और परमात्मा के मिलन को प्रतीकात्मक रूप में प्रस्तुत किया। साथ ही श्रीकृष्ण और राधारानी के प्रेम, विरह और मिलन के भावों को अत्यंत मनमोहक शैली में मंचित किया। जैसे ही मंच पर बंसी की मधुर धुन गूंजी, नृत्य के माध्यम से राधारानी की श्रीकृष्ण के दर्शन की व्याकुलता, और श्रीकृष्ण की नटखट लीलाओं का जीवंत नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। दिशा वर्मा ने अपने भावों, मुद्राओं और लयबद्ध संचालन से दर्शकों से खूब तालियां बटोरीं।



### कारी बदरिया छाई..पंक्ति में सावन माह का वर्णन

नहीं आए सजना, बलमा हमार, कारी बदरिया छाई...यह पंक्ति पारंपरिक कजरी की है, जिसे उप-शास्त्रीय गायक होमेश्वर चंद्राकर द्वारा मंच पर अनोखे अंदाज में प्रस्तुत किया गया। तीन अंतरों में पिरोई गई, कजरी रचना में वर्षा ऋतु में प्रेमिका के विरह, उसके प्रेमी के इंतजार और प्रकृति की रंगत को बड़ी संवेदनशीलता के साथ जीवंत कर दिया। गीत की पंक्तियों में गांव की युवती काली घटाओं के बीच अपने प्रियतम की प्रतीक्षा करती है। वह बादलों को देखकर अपने प्रेमी को याद करती है, जहां हवाओं की सरसराहट सुनती और आसमान से गिरती बूंदों के बीच, अपने प्रेमी की राह तकते हुए इस विरह गीत को गुनगुनाती है। इस दौरान हारमोनियम पर ओमन सिन्हा, बांसुरी पर चैतन्य चंद्राकर और तबले पर विवेक सिन्हा ने सुमधुर प्रस्तुति दी। बांसुरी की मधुर तानों ने बारिश की रिमझिम बूंदों और मन की भावनाओं को सुर दिया।

हरिभूमि
सेहत भूमि
रायपुर, रविवार 7 सितंबर 2025
haribhoomi.com

# स्वस्थ जीवन की नई दिशा

मानव शरीर एक अद्भुत रचना है। इसमें हर अंग की अपनी विशिष्ट भूमिका है। इन्हीं अंगों में गुर्दा (किडनी) एक ऐसा अंग है, जो हमारे शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में सबसे अहम भूमिका निभाता है। गुर्दे का कार्य केवल मूत्र निर्माण करना नहीं है, बल्कि रक्त को शुद्ध करना, शरीर में पानी और खनिज लवण का संतुलन बनाए रखना तथा हानिकारक तत्वों को बाहर निकालना भी है। जब यह अंग बीमार पड़ता है तो पूरे शरीर की कार्यप्रणाली प्रभावित हो जाती है।

आज के समय में गुर्दे की बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। गलत जीवनशैली, प्रदूषण, असंतुलित आहार, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियाँ गुर्दे की कार्यक्षमता को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही हैं। कई मामलों में मरीजों को किडनी प्रत्यारोपण (Kidney Transplant) तक की आवश्यकता पड़ जाती है।

## गुर्दे की प्रमुख बीमारियाँ

गुर्दा रोग विभाग (नेफ्रोलॉजी) में मुख्य रूप से निम्नलिखित समस्याओं का इलाज किया जाता है –

**1. क्रॉनिक किडनी डिज़ीज़ (CKD):** यह एक धीरे-धीरे बढ़ने वाली बीमारी है जिसमें गुर्दे धीरे-धीरे काम करना बंद कर देते हैं।

**2. एक्यूट किडनी इंजरी (AKI):** अचानक से गुर्दे का काम करना बंद कर देना।3. गुर्दे में पथरी: यह बहुत सामान्य समस्या है, परंतु समय पर इलाज न मिले तो गंभीर जटिलताएँ उत्पन्न हो सकती हैं।

**4. ग्लोमेरुलोनेफ्राइटिस:** गुर्दे की सूजन, जो संक्रमण या अन्य कारणों से होती है।

**5. डायलिसिस पर निर्भरता:** जब गुर्दे अपना काम नहीं कर पाते, तब कृत्रिम मशीन के द्वारा खून को शुद्ध करना पड़ता है।

## गुर्दे की बीमारियों के लक्षण

अक्सर लोग शुरुआती लक्षणों को नज़रअंदाज़ कर देते हैं, जिसके कारण रोग गंभीर हो जाता है। कुछ सामान्य लक्षण इस प्रकार हैं –

- बार-बार पेशाब आना या बिल्कुल कम आना
- पेशाब में झाग या खून आना
- पैरों, टखनों या चेहरे पर सूजन
- लगातार थकान, कमजोरी और चक्कर आना
- भूख कम लगना और मिचली आना
- सांस लेने में कठिनाई

इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नेफ्रोलॉजिस्ट (गुर्दा रोग विशेषज्ञ) से संपर्क करना चाहिए।

## किडनी प्रत्यारोपण क्या है?

जब किसी मरीज की दोनों किडनियाँ स्थायी रूप से खराब हो जाती हैं और डायलिसिस से भी जीवन को लंबे समय तक बचाना कठिन हो जाता है, तब किडनी प्रत्यारोपण सबसे उपयुक्त और स्थायी उपचार है। इसमें किसी स्वस्थ दाता (Donor) की एक किडनी निकालकर मरीज (Recipient) के शरीर में प्रत्यारोपित की जाती है।

मनुष्य के पास दो गुर्दे होते हैं, लेकिन केवल एक स्वस्थ गुर्दा भी जीवनभर पर्याप्त कार्य कर सकता है। यही कारण है कि परिवार का कोई सदस्य या इच्छुक दाता अपनी एक किडनी देकर मरीज की जान बचा सकता है।

## किडनी प्रत्यारोपण की प्रक्रिया

**1. मरीज का मूल्यांकन:** सबसे पहले मरीज की संपूर्ण जांच की जाती है कि वह प्रत्यारोपण के लिए उपयुक्त है या नहीं।

**2. दाता का चयन:** दाता की ब्लड ग्रुप और ऊतक संगतता (Tissue Matching) की जांच की जाती है।

**3. सर्जरी:** ऑपरेशन के दौरान दाता की एक किडनी निकालकर मरीज के शरीर में प्रत्यारोपित की जाती है।

**4. रिकवरी और दवाइयाँ:** ऑपरेशन के बाद मरीज को जीवनभर इम्यूनोसप्रेसिव दवाइयाँ लेनी होती हैं, ताकि नई किडनी को शरीर अस्वीकार न करे।



## किडनी प्रत्यारोपण के फायदे

- डायलिसिस पर जीवनभर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं रहती।मरीज
- सामान्य जीवन जी सकता है।
- काम करने की क्षमता और जीवन-स्तर में सुधार होता है।
- लंबे समय तक स्वस्थ जीवन संभव हो पाता है।

## गुर्दा रोग विभाग की भूमिका

किसी भी आधुनिक अस्पताल का गुर्दा रोग विभाग मरीजों को संपूर्ण देखभाल प्रदान करता है। इसमें –

डायलिसिस यूनिट (हेमोडायलिसिस और पेरिटोनियल डायलिसिस)
किडनी प्रत्यारोपण यूनिटगुर्दे की बीमारियों की जांच और उपचार
आपातकालीन सेवाएँ
मरीज और परिवार के लिए काउंसलिंगशामिल होती हैं।

गुर्दा रोग विभाग का लक्ष्य केवल मरीज का इलाज करना नहीं है, बल्कि उन्हें स्वस्थ जीवन जीने की सही दिशा दिखाना भी है।

## किडनी की सुरक्षा कैसे करें?

गुर्दे को स्वस्थ बनाए रखने के लिए कुछ जरूरी बातें –

1. पर्याप्त मात्रा में पानी पिएँ।
2. नमक और जंक फूड का सेवन कम करें।
3. मधुमेह और उच्च रक्तचाप को नियंत्रित रखें।
4. धूम्रपान और शराब से दूरी बनाए रखें।
5. नियमित व्यायाम और योग करें।
6. डॉक्टर की सलाह के बिना कोई भी दर्दनिवारक दवा लंबे समय तक न लें।
7. साल में एक बार गुर्दे की जांच करवाएँ, खासकर यदि परिवार में किसी को किडनी की समस्या रही हो।

## हमारा वादा

हमारे अस्पताल का गुर्दा रोग विभाग और किडनी प्रत्यारोपण यूनिट अत्याधुनिक तकनीक और अनुभवी डॉक्टरों से सुसज्जित है। यहाँ –

नवीनतम डायलिसिस मशीनें
विशेषज्ञ नेफ्रोलॉजिस्ट और सर्जन
संक्रमण-रहित वातावरण
24x7 आपातकालीन सेवाएँउपलब्ध हैं।

हम हर मरीज को न केवल चिकित्सा सेवा, बल्कि मानसिक और भावनात्मक सहयोग भी प्रदान करते हैं। हमारा उद्देश्य है – हर मरीज को नया जीवन देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना।

गुर्दे की बीमारी जीवन को कठिन बना सकती है, लेकिन सही समय पर पहचान और विशेषज्ञ इलाज से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। जिन मरीजों को किडनी प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है, उनके लिए यह जीवन का नया अध्याय साबित होता है।

VY HOSPITAL
We care for your Health
॥ मंगल भवन, अमंगलहारी ॥

किडनी की सेहत,
जीवन की राहत
हमारे गुर्दा रोग विशेषज्ञों के साथ
का भरोसेमंद इलाज

PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH
ACCREDITED



गुर्दा रोग विभाग
किडनी ट्रांसप्लांट सेंटर

किडनी (गुर्दे) से संबंधित
संभी क्रोनिक बीमारियों के
ईलाज की सुविधा

छ.ग. का अत्याधुनिक
डायलिसिस यूनिट

छ.ग. शासन, आयुष्मान भारत योजना तथा सभी इंश्योरेंस संस्थाओं से मान्यता प्राप्त

वी वाय हॉस्पिटल, रायपुर
आपकी जिंदगी, हमारी जिम्मेदारी

0771-4622222, 7225024301, 7225024302
हेल्पडेस्क: 0771-4622200, टोल फ्री: 1800-123-4775
www.vyhospital.in info@vyhospital vyhraipur vyhospitalrpr @vyhraipur

# कैंसर सही समय पर सही इलाज ही जीवन की सबसे बड़ी जीत

₹आप या तो कैंसर का शिकार बन सकते हैं या कैंसर से जीतने वाले।ज़रूरत है, सही समय पर सही इलाज की।

**कैंसर** – यह नाम सुनते ही मन में डर, निराशा और अनगिनत सवाल पैदा हो जाते हैं। आज की तेज़ रफ़्तार ज़िंदगी में कैंसर एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन चुका है, जो हर उम्र, हर वर्ग और हर क्षेत्र के लोगों को प्रभावित कर रहा है। लेकिन यह याद रखना ज़रूरी है कि कैंसर का मतलब अंत नहीं है।यदि समय रहते इसका पता लगा लिया जाए और विशेषज्ञों से सही उपचार मिल जाए, तो कैंसर से न केवल लड़ा जा सकता है, बल्कि पूरी तरह से जीता भी जा सकता है।

## कैंसर क्या है?

कैंसर एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर की कोशिकाएँ (Cells) असामान्य रूप से बढ़ने लगती हैं और नियंत्रित नहीं होतीं। ये कोशिकाएँ ट्यूमर (गांठ) बना सकती हैं और धीरे-धीरे शरीर के अन्य हिस्सों में फैल सकती हैं। यह बीमारी कई प्रकार की हो सकती है – जैसे स्तन कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, लिवर कैंसर, रक्त कैंसर (ल्यूकेमिया), गर्भाशय कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर आदि।

## क्यों ज़रूरी है समय पर पहचान?

कैंसर जितनी जल्दी पहचान में आ जाता है, उसके इलाज की संभावना उतनी ही बढ़ जाती है।शुरुआती चरण में पकड़ा गया कैंसर पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। लेकिन अक्सर लोग इसके शुरुआती लक्षणों को नज़रअंदाज़ कर देते हैं। थकान, वजन घटना, लगातार खाँसी, किसी जगह पर गांठ, बार-बार रक्तस्राव, त्वचा में बदलाव जैसी सामान्य-सी लगने वाली समस्याएँ कई बार कैंसर के संकेत हो सकती हैं।

## सही इलाज ही सही रास्ता

कैंसर का इलाज कई चरणों में होता है – सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और आधुनिक टार्गेटेड थैरेपी। आज के समय में अत्याधुनिक तकनीकों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की मदद से यह संभव है कि मरीज को कम दर्द, कम साइड इफेक्ट और ज़्यादा सफलता के साथ उपचार मिल सके।

## कैंसर हॉस्पिटल क्यों चुनें?

एक सामान्य अस्पताल और एक स्पेशलाइज्ड कैंसर हॉस्पिटल में फर्क होता है। कैंसर हॉस्पिटल में –विशेषज्ञ ऑन्कोलॉजिस्ट (कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर)अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक मशीनेंआधुनिक ऑपरेशन थिएटर और रेडिएशन यूनिटकीमोथेरेपी और डे-केयर यूनिटमरीज की मानसिक और भावनात्मक देखभालसब कुछ एक ही छत के नीचे उपलब्ध होता है। यही कारण है कि कैंसर हॉस्पिटल में इलाज अधिक प्रभावी और सुरक्षित होता है।

## कैंसर से डर नहीं, जागरुकता ज़रूरी

कैंसर से लड़ाई केवल दवाओं से नहीं जीती जाती, बल्कि मानसिक दृढ़ता और परिवार के सहयोग से भी जीती जाती है। कई ऐसे मरीज हैं जिन्होंने सही समय पर जांच और इलाज कराकर कैंसर को मात दी है और आज स्वस्थ जीवन जी रहे हैं।

## कुछ महत्वपूर्ण बातें:

1. साल में कम से कम एक बार हेल्थ चेकअप ज़रूर कराएँ।
2. तंबाकू, शराब और नशे से पूरी तरह दूर रहें।
3. संतुलित आहार लें, जिसमें हरी सब्ज़ियाँ, फल, अनाज और पौष्टिक आहार शामिल हों।
4. नियमित व्यायाम और योग करें।
5. तनाव से बचें, सकारात्मक सोच रखें।

## हमारा संकल्प

हमारे कैंसर हॉस्पिटल में मरीज को केवल इलाज नहीं, बल्कि नया जीवन दिया जाता है। हमारा उद्देश्य है कि हर मरीज यहाँ से नयी उम्मीद और नयी ऊर्जा लेकर जाए। हम हर मरीज को व्यक्तिगत ध्यान देते हैं और उनके लिए एक विशेष ट्रीटमेंट प्लान बनाते हैं।


## हमारी विशेषताएँ:

- अनुभवी ऑन्कोलॉजिस्ट और सर्जन
- अत्याधुनिक तकनीक से लैस लैब और रेडियोथेरेपी यूनिट
- कम खर्च में उच्च स्तरीय उपचार
- 24x7 आपातकालीन सेवाएँ
- मरीज और परिवार के लिए काउंसलिंग सुविधा
- होम केयर और फॉलो-अप सेवाएँ

## मरीज ही हमारी ताक़त हैं

हर उस मरीज की मुस्कान, जिसने कैंसर को हराकर जीवन को नए सिरे से जीना शुरू किया है, हमारे लिए प्रेरणा है।हम मानते हैं –
"कैंसर से डरना नहीं है, इसका सामना करना है।
सही समय पर सही इलाज ही आपकी जीत की गारंटी है।"

## CANCER DEVELOPMENT PROCESS




## अंतिम संदेश

कैंसर कोई अंत नहीं, बल्कि यह एक चुनौती है, जिसे साहस, सही जानकारी और विशेषज्ञ इलाज के ज़रिये हराया जा सकता है। यदि आप या आपका कोई प्रियजन कैंसर से जूझ रहा है, तो घबराएँ नहीं।समय पर सही अस्पताल और सही डॉक्टर से संपर्क करें।

आप या तो कैंसर का शिकार बन सकते हैं या फिर कैंसर को हराने वाले योद्धा। यह चुनाव आपके हाथ में है। ज़रूरत है केवल जागरूकता, हिम्मत और सही समय पर सही इलाज की। हमारा कैंसर हॉस्पिटल आपके लिए हर कदम पर साथ खड़ा है – ताकि जीवन की इस लड़ाई में आपकी जीत सुनिश्चित हो सके।



संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल




आप या तो कैंसर का शिकार बन सकते हैं या कैंसर से जीतने वाले। ज़रूरत है, सही समय पर सही इलाज की।



25+ कैंसर व सम्बंधित विशेषज्ञ, 19 वर्षों का अनुभव




मरीजों के सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए पूर्ण NABH से मान्यता प्राप्त

दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर
7389905010, 7389904010, 07714081010, 4061010

## बीटीआई ग्राउंड में संकल्प रास गरबा उत्सव, 22 सितंबर से होगा आयोजन

**रायपुर।** बीटीआई ग्राउंड में इस साल भी नवरात्रि के दौरान भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को संकल्प रास गरबा उत्सव समिति, हरिभूमि-आईएनएच न्यूज द्वारा भूमिपूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। समिति के अनुसार, यह लगातार 14वां वर्ष है, जब बीटीआई ग्राउंड में रास गरबा का आयोजन हो रहा है। वहीं बीते 21 वर्षों से यहां नवरात्रि के नौ दिनों तक मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती रही है। इस वर्ष रास गरबा 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक आयोजित होगा, जिसका समय रात 10 बजे से 1 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजन की खासियत यह रहेगी कि 29 सितंबर को टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री ऐश्वर्या राज भाकुनी भी गरबा उत्सव में शिरकत कर कार्यक्रम में चार चांद लगाएंगी। इस बार करीब 15 हजार लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। भीड़ को देखते हुए पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। इस गरबा उत्सव के मुख्य संयोजक संजय श्रीवास्तव हैं, जबकि संयोजिका अनीता खंडेलवाल, संगीता मिश्रा, पुष्प जैन और सुनीला अग्रवाल कार्यक्रम का संचालन करेंगी।




## 5 से 40 मिनट की प्रैक्टिस से थायरॉयड पीसीओडी व हार्मोन्स की समस्या होती है दूर

**रायपुर।** आनंद मार्ग जागृति में शनिवार को कौशिकी दिवस मनाया गया। इस दौरान 100 लोगों ने एक साथ कौशिकी नृत्य का प्रदर्शन किया। आनंद मार्ग के प्रवर्तक श्रीश्री आनंदमूर्ति जी ने 6 सितंबर 1978 को कौशिकी नृत्य का प्रवर्तन किया था। इस कार्यक्रम में महिलाओं और स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के बाद बच्चों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। कौशिकी ऐसा नृत्य है, जिससे महिलाओं में मेंस्ट्रुएशन से लेकर हार्मोन्स से हुई परेशानी के साथ ही थायरॉयड, पीसीओडी, पीसीओएस के साथ इनफर्टिलिटी जैसी समस्या ठीक होती हैं।



### सेंटर में दी जा रही ट्रेनिंग

कौशिकी नृत्य की ट्रेनिंग देने वाली आचार्या अवधुतिका आनंद नीतिशुधा ने बताया, इसकी फ्री ट्रेनिंग आनंद मार्ग आश्रम में सालभर होती है। रायपुर बैरन बाजार, लोधीपारा और उमरिया जरौद स्थित आनंद रेणुका मास्टर यूनिट में लोग कौशिकी नृत्य सीखने आते हैं। ट्रेनर ने बताया कि इसके अभ्यास के लिए पेट का खाली होना जरूरी है। सुबह 10 मिनट या शाम के 10 मिनट का समय देकर इसका लाभ लिया जा सकता है। शरीर के अलग-अलग ग्रंथियों में होने वाले हॉर्मोन सीक्रेशन यानी (रस क्रिया) के गड़बड़ होने से बीमारियां होती हैं। इसे कौशिकी नृत्य से दूर किया जा सकता है।

### 18 स्टेप्स में कौशिकी नृत्य

शरीर और मन को जोड़ने वाले व्यायामों में अक्सर योग के साथ ध्यान करने की सलाह दी जाती है, लेकिन कौशिकी ऐसा नृत्य है, जो शारीरिक व्यायाम भी है और इसके आध्यात्मिक फायदे भी हैं। खासकर महिलाओं के लिए ये काफी फायदेमंद है। 18 स्टेप्स में किए जाने वाले कौशिकी नृत्य को अलग-अलग भावों के साथ किया जाता है। इसे अपनी क्षमता के अनुसार 5 मिनट से लेकर 40 मिनट तक किया जा सकता है। इस प्रक्रिया में शरीर के कोष एक्टिविटी होते हैं। महिलाओं में मेंस्ट्रुएशन से लेकर हार्मोन्स से हुई परेशानी के साथ ही थायरॉयड, पीसीओडी, पीसीओएस के साथ इनफर्टिलिटी भी इससे ठीक होते हैं। लगातार 6 महीने तक सही डाइट के साथ कौशिकी नृत्य करने से समस्या को जड़ से खत्म किया जा सकता है।

● स्टार्टअप फाउंडर्स मीट-अप कार्यक्रम का आयोजन, स्टेप-बाय-स्टेप बिजनेस प्लानिंग पर हुई चर्चा

# स्मार्ट प्लानिंग से बनेगा स्टार्टअप सफल, छोटे स्तर पर करें शुरुआत, फीडबैक से करें व्यापार मजबूत

नगर निगम रायपुर एवं बिजनेसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को राजधानी के न्यू बस स्टैंड स्थित को-वर्किंग स्पेस में स्टार्टअप फाउंडर्स मीट-अप कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को स्टार्टअप की दुनिया से जोड़ना, उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करना और उनके इनोवेटिव आइडियाज को सही दिशा देना रहा।

**रायपुर।** शहर सहित राजनांदगांव, बिलासपुर, सरायपाली और जशपुर से प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता स्टार्टअप चौपाल के सीईओ सुमित श्रीवास्तव रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों के स्टार्टअप आइडियाज को गहराई से सुना और उन्हें व्यावसायिक दृष्टिकोण से मूल्यवान सुझाव दिए। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी प्रतिभागियों ने अपने स्टार्टअप आइडियाज का परिचय दिया, जिसके बाद सुमित श्रीवास्तव ने स्टार्टअप की योजना बनाने विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि अक्सर देखा गया है कि युवाओं के पास बेहतरीन आइडियाज होते हैं, लेकिन सही मार्गदर्शन और दिशा की कमी के कारण वे आगे नहीं बढ़ पाते। सेशन के दौरान स्टेप-बाय-स्टेप बिजनेस प्लानिंग, फंडिंग के प्रारंभिक चरण, प्रोडक्ट मार्केट फिट, ग्राहक की जरूरतों को समझना और टीम निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा किया गया।




### छोटी-छोटी बारीकियों से बनता है बड़ा स्टार्टअप

स्टार्टअप को सफल बनाने के लिए बड़ी रणनीतियों से ज्यादा जरूरी है, छोटी-छोटी बारीकियों पर ध्यान देना। स्पीकर ने उदाहरण देते हुए कहा कि ओला और रेपिडो जैसी कंपनियों ने कोई नया कांसेप्ट नहीं दिया, लोग पहले भी गाड़ियां बुक कर ट्रैवल करते थे, लेकिन इन कंपनियों ने टेक्नोलॉजी और स्मार्ट प्लानिंग के जरिए एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाया, जिसने ड्राइवर्स और राइडर्स दोनों को एक ही छत के नीचे जोड़ दिया। यही उनकी सबसे बड़ी ताकत बनी। उन्होंने आगे कहा कि स्टार्टअप की शुरुआत भले ही छोटे स्तर से हो, लेकिन अगर वह ग्राहकों की समस्या का समाधान करता है और उसकी ब्रांड स्टोरी लोगों से जुड़ पाती है तो वही स्टार्टअप भविष्य में बड़ी कंपनी का रूप ले सकता है।



### अब प्रोडक्ट नहीं, उसकी स्टोरी बिकती है

स्टार्टअप फाउंडर्स मीट-अप सेशन में स्पीकर सुमित श्रीवास्तव ने आधुनिक बिजनेस स्ट्रेटेजी पर बात करते हुए कहा कि आज के दौर में सिर्फ प्रोडक्ट नहीं बिकता, बल्कि उसकी कहानी बिकती है। समय के साथ बिजनेस की तकनीक और ग्राहकों की सोच दोनों ही बदल रही हैं। अब यह मायने रखता है कि आप अपने प्रोडक्ट को किस तरह प्रमोट करते हैं, किस तरह उसकी कहानी गढ़ते हैं और उसे अपना टार्गेट ऑडियंस के सामने कैसे पेश करते हैं।

### कम पूंजी में शुरू करें, पर समय पर लॉन्च करें

स्पीकर ने सलाह दी कि स्टार्टअप शुरू करने के लिए आपके पास जितनी भी पूंजी है, उसी के अनुसार शुरुआत करें। सिर्फ प्रोडक्ट को परफेक्ट बनाने के चक्कर में मार्केट में लॉन्च को टालना ठीक नहीं है। समय पर प्रोडक्ट को बाजार में लाना और फिर ग्राहकों से लगातार फीडबैक लेकर उसमें सुधार करते रहना ही स्मार्ट बिजनेस अप्रोच है। साथ ही यह भी जरूरी है कि अपने प्रोडक्ट की शुरुआत लोकल ऑडियंस से करें।

### बेहतर स्टार्टअप प्लानिंग के लिए 7 स्टेप फॉलो करें

बिजनेस स्ट्रेटेजी के लिए सात टिप्स फॉलो करने से बेहतर रिजल्ट देखने को मिल सकता है, इनमें आइडिया- ऐसा विचार चुनें, जो समाज या बाजार की किसी जरूरत को पूरा करता हो। क्रिएट-कम पूंजी और छोटे स्तर पर प्रोडक्ट की शुरुआत करें। टेस्ट- अपने प्रोडक्ट को छोटे स्तर पर मार्केट में उतारें और देखें कि लोग उस पर कैसी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। फीडबैक- कस्टमर के फीडबैक पर लगातार काम करें। मॉडल- बिजनेस का ऐसा मॉडल तैयार करें जो स्केलेबल हो, जो आने वाले समय पर बड़े स्तर पर काम कर सके। स्केल- जब लोकल स्तर पर अच्छा रिस्पॉन्स मिल जाए, तब ही बिजनेस को अन्य क्षेत्रों में फैलाने की योजना बनाएं। हॉर्डवर्क- बिजनेस को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत और बेहतर प्लानिंग का होना जरूरी है।

## चंद्रग्रहण आज, दोपहर से बंद रहेंगे मंदिरों के कपाट, कल ब्रह्ममुहूर्त से होंगे दर्शन

पूर्णिमा तिथि पर लगने वाले खग्रास चंद्र ग्रहण के दौरान मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे

**रायपुर।** भाद्रपद मास की पूर्णिमा तिथि पर आज पितृपक्ष के शुभारंभ पर खग्रास चंद्रग्रहण लग रहा है। जहां ग्रहण लगने से 9 घंटे पूर्व ही सूतक के दौरान शहर के प्रत्येक मंदिरों के पट बंद हो जाएंगे और किसी भी प्रकार के धार्मिक आयोजन या पूजन कार्य पर रोक रहेगी। इस बार चंद्र ग्रहण रात 9 बजकर 57 मिनट से शुरू होकर रात 1 बजकर 26 मिनट तक प्रभावी रहेगा। ग्रहण की कुल अवधि 3 घंटे 29 मिनट होगी। इस अवसर पर ग्रहण समाप्त होने के बाद ही मंदिरों की साफ-सफाई एवं गंगाजल से शुद्धिकरण के पश्चात ही पूजन अनुष्ठान प्रारंभ होंगे।



### सूतक काल से ही मंदिरों के कपाट बंद

सूतक काल के दौरान धार्मिक कार्यों, पूजा-पाठ, मंदिर दर्शन आदि पर पूर्णतः रोक रहेगी। इसी कारण शहर के सभी मंदिरों के पट दोपहर से ही बंद कर दिए जाएंगे। ग्रहण के दौरान किसी भी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान, मूर्ति स्पर्श अथवा भगवान को भोग अर्पित करना वर्जित रहेगा।

### पंचामृत और गंगाजल से प्रतिमाओं का अभिषेक

शहर के आकाशवाणी चौक स्थित काली मंदिर, चूड़ी लाइन स्थित शनिदेव मंदिर, पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर, जैतूसाव मठ, दूधाधारी मठ, कंकाली मठ जैसे अन्य देवालयों में नियमों का पालन किया जाएगा। शनिदेव मंदिर के पुजारी पं. विनोद शर्मा और महामाया मंदिर से पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि रविवार को दोपहर से ही मंदिरों के कपाट बंद हो जाएंगे। वहीं मंदिर सोमवार को ब्रह्ममुहूर्त में खोला जाएगा। इस दौरान मंदिर स्थल पर मौजूद प्रतिमाओं को पंचामृत व गंगाजल से अभिषेक कराया जाएगा, जिसके बाद ही नई पोशाक धारण कराई जाएगी।

## इंद्रियों पर नियंत्रण और वासनाओं से मुक्ति ही ब्रह्मचर्य धर्म का नियम

**रायपुर।** दिगंबर जैन समाज में चल रहे दसलक्षण पर्व के अंतिम दिन शनिवार को "उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म" की आराधना की गई। इस अवसर पर 1008 श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान का पांडुक शिला पर अभिषेक किया गया तथा विभिन्न परिवारों द्वारा शांतिधारा संपन्न की गई। वहीं 1008 श्री वासुपूज्य भगवान के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। मंदिर अध्यक्ष हिमांशु जैन ने बताया कि शाम को भाई सुरेश मोदी के सान्निध्य में बड़ा प्रतिक्रमण आयोजित किया गया। रविवार सुबह 9.30 बजे त्यागी व्रतियों का सम्मान और पारणा होगा। उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर प्रवचन में भाई सुरेश मोदी ने कहा कि ब्रह्मचर्य का अर्थ है आत्मा में रमण करना, इंद्रियों पर नियंत्रण रखना और वासनाओं से



मुक्त होकर शुद्ध एवं संयमित जीवन जीना। इसका पालन करने से व्यक्ति आत्म-नियंत्रण, इच्छा शक्ति और ज्ञान की ओर अग्रसर होता है तथा अंततः मोक्ष मार्ग का द्वार खुल जाता है।

## वन बंधु परिषद राष्ट्रीय महिला समिति की बैठक, रायपुर को मिले 5 पुरस्कार



**रायपुर।** वन बंधु परिषद राष्ट्रीय महिला समिति की वार्षिक बैठक संपन्न हुई। छत्तीसगढ़ प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि यह भव्य आयोजन रांची महिला समिति, धनबाद महिला समिति सहित जमशेदपुर महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। बैठक की व्यवस्था ईस्ट जोन चेयरपर्सन जयश्री ने की और दो दिनों तक पूरे दायित्व को सफलता से निभाया। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता खंडेलवाल ने बताया कि बैठक में पूरे भारतवर्ष से 35 महिला समितियों की लगभग 250 पदाधिकारियों ने भाग लिया और अपनी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक की अध्यक्षता महिला समिति अध्यक्ष बिनिता जाजू ने की, जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश माहेश्वरी भी शामिल हुए। रायपुर महिला समिति अध्यक्ष कांता सिंघानिया ने बताया कि बैठक के समापन पर वर्षभर की गतिविधियों के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में समितियों को सम्मानित किया गया। जहां रायपुर महिला समिति को कुल 5 पुरस्कार प्राप्त हुए। कविता राठी ने कहा कि यह सफलता समिति की सभी बहनों के सामूहिक प्रयास, समर्पण और एकजुटता का परिणाम है। बैठक में सचिव सरिता रेखानी के नेतृत्व में राजश्री गुप्ता, आरती अग्रवाल, सुशीला अवधिया, शैल यदु, हेमलता बंसल, मनीषा सिंघानिया सहित भिलाई महिला समिति की अध्यक्ष जया रेड्डी, सचिव कल्पना स्वामी शामिल हुईं।

## पैगंबरे इस्लाम के यौमे विलादत पर मेकाहारा में मरीजों को बांटे फल



**रायपुर।** दावते इस्लामी की संस्था गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन (जीएनआरएफ) द्वारा 1500 साला पैगंबरे इस्लाम के यौमे विलादत के मौके पर मेकाहारा अस्पताल रायपुर में 1500 फल पैकेट मरीजों में वितरित किए गए। इस अवसर पर हाजी मुख्तार, हाजी शाहिद, हसीम अली, शहजाद अतारी, अजहर अतारी के साथ बड़ी संख्या में संगठन के लोग मौजूद रहे।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

क्लीन किचन
प्योर वेज थाली (पार्सल) 110/-,160/-, 210/-
पार्सल हेतु संपर्क करें : रायपुर हॉस्टल
पेंशनबाड़ा, पुलिस पब्लिक स्कूल के सामने, रायपुर
88780 00127, 79998 44943
AC, Non-AC रूम उपलब्ध 24X7
: कॉल करें : बॉयज़ एवं गर्ल्स पी.जी.
सर्वसुविधायुक्त, शुद्ध शाकाहारी भोजन व नाश्ता
किटी पार्टी, बर्थ डे पार्टी के लिए उपयुक्त
स्टूडेंट्स हेतु मासिक भोजन पर 10%
4 थाली पर 1 थाली FREE (पार्सल)
शुगर फ्री थाली LOW CALORY
आलू, प्याज, लहसून रहित पौष्टिक एवं शुद्धतापूर्ण हाईजेनिक

नये जमाने की जरूरत aura astrology
www.astrologywithaura.com
कुण्डली- स्वास्थ्य- चक्र -औरा में एक साथ सुधार
50 सालों में बहुत कुछ बदल गया... नये फार्मूले की जरूरत
ज्योतिष का ज्ञान नहीं, जन्म का सही समय नहीं, मिट्टी से संपर्क नहीं, अटैच बाथरूम, मिलावटी गहने, रत्नों पर सावधानी
राजेश श्रीवास्तव, 11 ए, रवि नगर, पंडरी, रायपुर (छग) 76919 06755, 76929 51173

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

SHREEJI INN HOTEL & RESTAURANT
BANQUET HALL · ROOMS · CAFE & RESTAURANT
AMPLE NUMBER OF CAR PARKING SPACE - (150+CAR PARK AT A TIME)
FOR SMALL FUNCTIONS BANQUET HALL CAP : 30-200 PAX
WE ORAGANISE : •CORPORATE EVENTS •KITTY PARTY •MARRIAGE FUNCTIONS •BIRTHDAY PARTY & MORE...
BOOKING NOW +91 9329744444 FOLLOW US facebook Instagram
Ring Road No. 1, infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रूई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार | निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar · TEXMO · C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

Starting Price 45,000/-*
DYNAMO Electric Vehicle
0% Down Payment | 2 Year Warranty 3 सर्विस फ्री | आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
2 Year Warranty
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध बढ़ती कीमतों से फायदा
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं।
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900



शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"
माननीय विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार छ.ग. शासन के उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र कं. 1889 नया रायपुर दि. 4.8.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यो को महाविद्यालयीन ग्रंथालय हेतु उक्त शोधग्रंथ को उपयोगितानुसार कय किया जाने का आदेश जारी किया गया है। प्राप्ति स्थल–सेन्ट्रल बुक हाउस, पुस्तक प्रतिष्ठान सदर बाजार रायपुर आदि पुस्तक दुकानों में उपलब्ध है, पृष्ठ संख्या 420, मुल्य 700 रू.। महाविद्यालयों के ग्रंथालयों हेतु 25% छुट के लिए सम्पर्क करे – डॉ.टी.आर.रामटेके, संजय नगर, मुख्य मार्ग, रायपुर (छ.ग.), मो.8349362428।

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593



शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"
शोधलेखक डॉ.टी.आर.रामटेके। (पीएच.डी. उपाधि हेतु इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छ.ग. से स्वीकृत शोधप्रबंध)। जिसमें छत्तीसगढ़ के किले, पुरातात्विक स्मारकों की स्थापत्य कला तथा छत्तीसगढ़ के प्राचीन काल से कलचुरी काल (ई.1750) तक का राजनीतिक इतिहास को लगभग 150 रेखाचित्र एवं 450 रंगीन छायाचित्र के माध्यम से विश्लेषण किया गया है। जिसे राज्य के महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को समझना आवश्यक है, जो सीजीपीएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी है।